दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

अपनाएं ये उपाय रिमूव होगी सन टैनिंग .....

कंट्रोल हो सकता है पीसीओएस....

वर्ष : 09 | अंक : 292 | लखनऊ, 27 सितम्बर, बुधवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

बाजार

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 66,009.15

निफटी 19,674.25

पीएम मोदी ने बांटे अपॉइंटमेंट लेटर, 51 हजार युवाओं को मिली नौकरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 51 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए अपॉइंटमेंट लेटर बांटे हैं। इन अपॉइंटमेंट लेटर पानी वाली युवाओं को अलग-अलग विभागों में नौकरी दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नई दिल्ली के रायसिना रोड स्थित नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर बांटे हैं। रोजगार मेला के तहत देश के अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े युवाओं को 51000 अपॉइंटमेंट लेटर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांटे हैं। बता दें कि देशभर के 46 स्थान पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। इस रोजगार मेले में केंद्र सरकार और राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए भर्तियां हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार की नियुक्तियों में महिलाओं की संख्या भी अधिक है। ये नारी सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण है। आज का समय वो है जब भारत की अर्थव्यवस्था तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। इस दौरान युवाओं को कई अवसर मिलेंगे। बता दें कि सरकारी नौकरी के लिए अपॉइंटमेंट लेटर 51000 से अधिक युवाओं को दिए गए हैं। युवाओं को यह नौकरियां कई विभागों में मिली है। जानकारी के मुताबिक नए कर्मचारियों की भर्ती भारतीय डाक विभाग भारतीय लेख परीक्षा लेखा विभाग परमाणु ऊर्जा विभाग राजस्व विभाग उच्च शिक्षा विभाग रक्षा मंत्रालय और विभिन्न विभागों में की गई है। इसके साथ ही कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन माड्यूल भी जारी है जिसके जरिए नवनियुक्त कर्मचारी खुद को प्रशिक्षित भी कर सकते हैं। इस प्लेटफार्म पर सीखने के लिए 680 से अधिक ई लर्निंग सिलेबस उपलब्ध है।

सीएम योगी ने कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की

लखनऊ, उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रत्येक जिले में महिला थाना में प्रभारी के अलावा एक अन्य थाना का प्रभार महिला अधिकारी को सौंपने का फैसला किया है। एक बयान के मुताबिक, शारदीय नवरात्र से पहले राज्य की कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रत्येक पुलिस स्टेशन, सर्कल, रेंज और जोन सरकार की सीधी निगरानी में हैं और किसी भी गलत काम पर सेवा समाप्त कर दी जाएगी। बयान में कहा गया कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री ने सभी पुलिस प्रमुख/आयुक्तों को निर्देश दिए हैं कि हर जिला/आयुक्तालय में महिला थाना प्रभारी के अतिरिक्त एक अन्य थाना का प्रभार भी महिला पुलिस अधिकारी को दी जाए। मुख्यमंत्री ने अपराध की घटनाओं के आधार पर पुलिस स्टेशन, सर्किल, पुलिस अधीक्षकों/आयुक्तों के प्रदर्शन की समीक्षा की। आदित्यनाथ ने पुलिस अधीक्षकों और आयुक्तों को निर्देश दिया कि जिनकी साख ठीक नहीं हो ऐसे पुलिस कर्मियों को किसी पुलिस स्टेशन या सर्कल का प्रभार नहीं दिया जाना चाहिए।

मुंबई में गणपति उत्सव के सातवें दिन 17,187 प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई में 10 दिवसीय गणपति उत्सव के सातवें दिन भगवान गणेश और देवी गौरी की 17,187 प्रतिमाओं को विभिन्न जलाशयों में विसर्जित किया गया। स्थानीय निकाय के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्थानीय निकास के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को उत्सव के सातवें दिन प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि 17,187 में से 15,243 प्रतिमाएं वे थीं जो घरों में स्थापित की गई थीं, जबकि 1,758 प्रतिमाएं वह थीं जो सार्वजनिक जगहों पर स्थापित की गई थीं। इनके अलावा देवी गौरी की 186 प्रतिमाएं थीं। उन्होंने बताया कि 5,147 प्रतिमाओं को शहर के विभिन्न हिस्सों में तैयार किए गए कृत्रिम तालाबों में विसर्जित किया गया। मुंबई और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में 10 दिवसीय गणेश उत्सव 19 सितंबर को शुरू हुआ था। उत्सव का समापन 28 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के मौके पर होगा। अधिकारी ने बताया कि बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने इस साल प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 69 प्राकृतिक जलाशय तय किए हैं और 191 कृत्रिम तालाब बनाए गए हैं।

संक्षिप्त समाचार

रेलवे ने लाल कमीज लहराकर रेल दुर्घटना होने से बचाने वाले लड़के को पुरस्कृत किया

कोलकाता, पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में 12 साल के लड़के ने रेलवे पटरी में दरार देखने के बाद अपनी लाल कमीज लहराकर तेज रफ्तार ट्रेन को क्षतिग्रस्त पटरी को पार करने से रोक दिया, जिससे एक रेल हादसा होने से बाल-बाल बच गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लोको-पायलट ने लाल कमीज लहराकर खतरे का संकेत जता रहे मुरसलीन शेख नामक लड़के के इशारे को भांप लिया और सही समय पर ट्रेन को रोकने के लिए आपातकालीन ब्रेक लगाया। उन्होंने बताया कि घटना पिछले बृहस्पतिवार को भालुका रोड यार्ड के पास हुई थी। उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने एक बयान में कहा, मालदा में 12 साल के लड़के ने अपनी लाल कमीज लहराकर एक तेज रफ्तार ट्रेन को बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हुई रेलवे पटरी के एक हिस्से को पार होने से रोककर साहस का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि बारिश की वजह से मिट्टी और पत्थर बह जाने से वह स्थान क्षतिग्रस्त हो गया था। डे ने कहा, पास के गांव के एक प्रवासी श्रमिक का बेटा मुरसलीन शेख रेलवे कर्मचारियों के साथ यार्ड में मौजूद था। बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हुए पटरी के हिस्से को देखकर लड़के ने समझदारी से काम लिया और वहां ड्यूटी पर तैनात अन्य रेलवे कर्मचारियों के साथ अपनी लाल शर्ट लहराकर सामने से आ रही ट्रेन के लोको पायलट को सर्तक कर दिया।

मुंबई ने मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना शुरू किए जाने को मंजूरी दी

पटना, बिहार सरकार ने सोमवार को अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के लिए मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना शुरू किए जाने को मंजूरी दी। इस आशय का निर्णय सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। यह प्रस्ताव राज्य उद्योग विभाग द्वारा मंत्रिमंडल के समक्ष रखा गया था। पत्रकारों को संबोधित करते हुए, अपर मुख्य सचिव (कैबिनेट सचिवालय) एस सिद्धार्थ ने कहा, राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और बेरोजगार अल्पसंख्यक महिलाओं या पुरुषों के बीच रोजगार पैदा करने के उद्देश्य से, मंत्रिमंडल ने ह्यमुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना (एमएयूवाई) शुरू करने का निर्णय लिया। अल्पसंख्यक समुदाय के बेरोजगार युवाओं और महिलाओं के लिए बनाई गई नई एमएयूवाई योजना मौजूदा मुख्यमंत्री एससी/एसटी/ईबीसी उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना (एमएमयूवाई) और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लगभग समान पैटर्न पर लागू की जाएगी। उन्होंने कहा, इस योजना के तहत, बिहार सरकार एक बेरोजगार अल्पसंख्यक महिला या पुरुष को एक नया उद्योग शुरू करने के लिए 10 लाख रुपये की राशि प्रदान करेगी।

उच्च न्यायालय ने मानहानि शिकायत के खिलाफ राहुल गांधी की याचिका के संदर्भ में महाधिवक्ता की राय मांगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा उनके खिलाफ शुरू की गई मानहानि की कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका में शामिल कानूनी मुद्दों पर मंगलवार को महाराष्ट्र के महाधिवक्ता से राय मांगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले महेश श्रीश्रीमल ने 2018 में प्रधानमंत्री मोदी के बारे में राहुल गांधी की कमांडर-इन-थीफ टिप्पणी पर मानहानि की शिकायत दर्ज की। गांधी द्वारा निचली अदालत के समन को चुनौती देने के बाद, उच्च न्यायालय ने नवंबर 2021 में मजिस्ट्रेट को सुनवाई स्थगित करने का निर्देश दिया। तब से, उच्च न्यायालय के समक्ष गांधी की याचिका पर सुनवाई समय-समय पर स्थगित होती रही। मंगलवार को राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस.वी. कोटवाल ने कहा कि याचिका में कानून के कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, मैं महाराष्ट्र के महाधिवक्ता से इस मामले से जुड़े सभी कानूनी मुद्दों पर अदालत की सहायता करने का अनुरोध करना जरूरी समझता हूं।

संजय गांधी अस्पताल लाइसेंस निलंबन के विरोध में कांग्रेस के आंदोलन में सपा भी शामिल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अमेठी में संजय गांधी अस्पताल को बंद करने केविरोध में सोमवार को शुरू हुए कांग्रेस के आंदोलन में मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) भी शामिल हो गई। प्रशासनिक फैसले के विरोध में अस्पताल के मुख्य द्वार पर कर्मचारी और डॉक्टर भी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। वहीं दूसरी तरफ एक गर्भवती महिला की मौत के आरोप में अमेठी के एक अन्य निजी अस्पताल का भी लाइसेंस सोमवार को निलंबित कर दिया गया। लखनऊ में केंद्रीय मंत्री और अमेठी से भाजपा की सांसद स्मृति ईरानी ने संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस के निलंबन के मामले को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि मृत महिला के परिवार को सहारा देने की बजाय पार्टी अपना मुनाफा बंद होने पर रो रही है।

कांग्रेस और सपा का धरना जहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय पर हो रहा है, वहीं अस्पताल कर्मचारियों का धरना सीएमओ कार्यालय से करीब 12

किलोमीटर दूर अस्पताल के गेट पर जारी है। संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस 17 सितंबर को एक महिला मरीज की मौत के बाद निलंबित कर दिया गया था, जिसे 14 सितंबर को एक छोटे से ऑपरेशन के लिए वहां भर्ती कराया गया था। उसके पति ने दावा किया कि उसे एनेस्थीसिया की अधिक मात्रा दी गई थी, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और अंततः उसकी मृत्यु हो गई। सोमवार शाम इसी तरह के एक मामले में गर्भवती महिला की मौत के बाद जनता अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया और उसकी ओपीडी सेवाएं भी बंद कर दी गईं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने कहा कि मृतक महिला के ससुर राम कुमार पांडे ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग में शिकायत दर्ज कराई है और कथित लापरवाही के लिए जनता अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अतिरिक्त सीएमओ राम प्रसाद के नेतृत्व में तीन डॉक्टरों की टीम ने जांच की थी जिसमें अस्पताल की लापरवाही पाई गई और उसका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया।

भाजपा मध्य प्रदेश चुनाव में अपनी संभावनाओं को लेकर चिंतित है : दिग्विजय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में तीन केंद्रीय मंत्रियों और कुछ सांसदों को मैदान में उतारने का भाजपा का कदम उसकी संभावनाओं को लेकर चिंता की भावना को दशार्ता है। सिंह ने दावा किया कि राज्य के लोगों ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का फैसला कर लिया है, जो विधायकों को खरीदकर बनाई गई थी। उन्होंने कहा, लोग बहुत गुस्से में हैं और वे इस बार

मध्य प्रदेश में बहुमत वाली कांग्रेस सरकार बनाने के लिए वोट करेंगे। सिंह कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में भाग लेने के लिए ओरछा में थे।

जब उनसे भाजपा द्वारा तीन केंद्रीय मंत्रियों और चार अन्य सांसदों को टिकट देने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा, भाजपा आगामी चुनावों में (अपनी संभावनाओं को लेकर) डर महसूस कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक दिन पहले भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण से उनके पद की गरिमा गिरी है। कांग्रेस की तुलना जंग लगे लोहे से करने संबंधी मोदी के बयान के बारे मे पूछे जाने पर उन्होंने कहा, कभी-कभी, उनके (प्रधानमंत्री) भाषण का स्तर इतना निम्न होता है कि इससे उनके (प्रधानमंत्री) पद से जुड़ी गरिमा और मयार्दा कम हो जाती है। क्या आपने कभी किसी अन्य प्रधानमंत्री से ऐसी बातें सुनी हैं?

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को भोपाल में अपने बयान में कांग्रेस की तुलना जंग लगे लोहे से की थी। भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के बारे में उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के कारण लोग मुश्किलों का सामना कर रहे हैं और मध्यम वर्ग, शिक्षित युवाओं, किसानों, मजदूरों और कर्मचारियों सहित विभिन्न वर्ग परेशानी में हैं।

मणिपुर में केंद्र सरकार को अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए : प्रियंका गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मणिपुर में जुलाई से लापता हुए दो छात्रों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया में आने के बाद मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उसे पूर्वोत्तर के इस प्रदेश में अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मणिपुर से और चौंकाने वाली खबर आई है। बच्चे जातीय हिंसा के सबसे अधिक शिकार हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी सुरक्षा के लिए हर

संभव प्रयास करें। उन्होंने दावा किया कि मणिपुर में हो रहे भयानक अपराध शब्दों से परे हैं, फिर भी उन्हें निरंतर जारी रहने दिया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, केंद्र सरकार को अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए। मणिपुर में जुलाई से लापता दो छात्रों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आने के बाद राज्य सरकार ने लोगों से संयम बरतने और अधिकारियों को पूरे मामले की जांच करने देने की अपील की है। छात्रों की पहचान फिजाम हेमजीत (20) और हिजाम लिनथोइनगांबी (17) के रूप में की गई। दोनों जुलाई से लापता थे। लापता छात्रों की दो तस्वीरें सोमवार रात सोशल मीडिया पर आईं। इनमें से एक तस्वीर में कथित तौर पर छात्र दो हथियारबंद लोगों के साथ नजर आ रहे हैं और दूसरी तस्वीर में दो शव दिख रहे हैं।

बहुत कुछ कहना चाहता था, लेकिन... जजों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को न्यायाधीशों के स्थानांतरण और नियुक्ति के संबंध में कॉलेजियम के प्रस्तावों को संसाधित करने और अधिसूचित करने में केंद्र की देरी के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण में देरी को चिह्नित किया। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि 26 न्यायाधीशों का स्थानांतरण और यहां तक कि एक संवेदनशील उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति भी लंबित है।

न्यायमूर्ति कौल ने नियुक्ति के बैकलॉग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नवंबर 2022 से उच्च न्यायालयों द्वारा 70 नाम भेजे गए हैं, लेकिन वे हम तक नहीं पहुंचे हैं।

जस्टिस कौल ने कहा कि मैं इस मुद्दे को उठा रहा हूं क्योंकि रिक्तियां एक बड़ा मुद्दा है। पिछले सात महीनों से हमें कोई नाम नहीं मिला है। सिफारिशें की जाती हैं, और फिर उन्हें नियुक्त नहीं किया जाता है। न्यायमूर्ति कौल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक संवेदनशील उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सहित आवश्यक नियुक्तियाँ भी लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने कहा कि यहां तक कि जो नाम दोहराए गए हैं वे भी आगे नहीं बढ़े हैं। नौ बिना लौटाए लंबित हैं। मेरे पास डेटा है।

मामले की नियमित जांच का आश्वासन देते हुए जस्टिस कौल ने कहा कि मेरे पास पूरा डेटा है। मैं बहुत कुछ कहना चाहता था, लेकिन चूंकि वकील एक हफ्ते का समय मांग रहे हैं, इसलिए मैं दे रहा हूं। लेकिन मैंने कुछ चीजें बहुत स्पष्ट कर दी हैं।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र की जटिलताएं दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की जटिलताओं से निपटने और क्षेत्र में समृद्धि, सुरक्षा तथा समावेशी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। 13वें हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन (आईपीएसीसी) में सिंह ने कहा कि राष्ट्रों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक मुद्दों में कई हितधारक शामिल हैं और कोई भी देश अकेले इन चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता। उनकी यह टिप्पणी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक सैन्य व्यवहार पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच आई है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि वसुधैव कुटुंबकम (दुनिया एक परिवार है) के प्राचीन भारतीय लोकाचार के

अनुरूप हासिल की जा सकती है। भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत अब एक नौवहन रचना ही नहीं है, बल्कि एक पूर्ण भू-रणनीतिक रचना है, और यह क्षेत्र सीमा विवादों और समुद्री दस्यु सहित विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। रक्षा मंत्री ने अमेरिकी लेखक स्टीफेन आर कोवी के एक सैद्धांतिक मॉडल के माध्यम से क्षेत्र के लिए अपने दृष्टिकोण को समझाया, जो सर्कल ऑफ कन्सर्न और सर्कल ऑफ इन्फ्लुएंस पर आधारित है। उन्होंने कहा, ऐसे उदाहरण हो सकते हैं जब विभिन्न देशों के चिंता के चक्र यानी सर्कल ऑफ कन्सर्न एक-दूसरे पर हावी होते हैं। किसी भी देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों से परे, समुद्र से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्ग प्रासंगिक उदाहरण हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा, इसके फलस्वरूप या तो राष्ट्रों के बीच संघर्ष हो सकता है या वे पारस्परिक रूप से जुड़ाव के नियमों को तय करके सह-अस्तित्व का फैसला कर सकते हैं। इस तरह की अवधारणा रणनीतिक सोच और प्राथमिकता के महत्व को रेखांकित करती है। सिंह ने कहा कि राष्ट्रों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक मुद्दों में कई हितधारक शामिल हैं और कोई भी देश अकेले इन चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता। उन्होंने सर्कल ऑफ कन्सर्न में आम चिंताओं के समाधान के लिए व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ बातचीत करने और कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय संगठनों तथा संधियों के माध्यम से सहयोगात्मक रूप से काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।

जेठानी ने देवरानी की पिटाई कर सिर फोड़ा, मुकदमा दर्ज

पीड़िता का आरोप घटना के एक दिन पहले भी जेठानी ने बेटियों संग मिलकर था पीटा, शिकायत पर पुलिस ने नही की थी कार्यवाही

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के भौंदरी गांव निवासी सुलेखा ने बताया बीते सोमवार की सुबह गलत आरोप लगाते हये जेठानी लक्ष्मी ने अपनी बेटियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी थी, पति जीतेन्द्र कुमार के साथ थाने पहुंचकर पूरे मामले की पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी लेकिन पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर ?ने की बात कहकर चलता कर दिया था ओर वो पति संग अपने घर वापस लौट गयी थी।पीड़िता ने बताया मगंलवार की सुबह दोबारा जेठानी लक्ष्मी ने अपनी बेटियों आरती, पूजा, अर्पिता के साथ मिलकर उसकी बुरी तरह पिटाई कर ईट से सिर फोड़ने के बाद गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया, चीख पुकार सुनकर पति ने बीच बचाव किया तो उसकी जान बची।घटना के बाद लहूलूहान हालत में पीड़िता ने अपने पति संग थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी जेठानी व उसकी बेटियों के विरूद्व मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया।

चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक सुरक्षा गार्ड ने टैक्सी चालक की करी पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

सरोजनीनगर-लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक सुरक्षा गार्ड ने टैक्सी चालक की पिटाई कर दी। गार्ड द्वारा चालक की पिटाई किये जाने से अन्य चालक भी मौके पर पहुंच गये और हंगामा करने लगे। इन टैक्सी चालको का आरोप था कि एयरपोर्ट के सुरक्षा गार्डों की ओर से आये दिन उनके साथ मारपीट अभद्रता की जाती है।पुलिस ने दोनो के खिलाफ शांतिभंग की धारा में रिपोर्ट दर्ज लिया है। राजधानी के जानकीपुरम निवासी टैक्सी चालक आशीष वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि वह उबर से बुकिंग मिलने पर एक सवारी लेने गया था। वह एयरपोर्ट पर पहुंचा तो सवारी ने बताया कि वह पैदल चलते हुए थोड़ा आगे आ गया है। जब सवारी बैठा रहा था तभी मौके पर पहुंचे एयरपोर्ट पार्किंग के सुरक्षा गार्ड पुनीत उसे पीटने लगे और भद्दी-भद्दी गालियां दी। आशीष का यह भी आरोप है कि यह गार्ड टैक्सी चालकों से आए दिन अवैध वसूली करने के साथ ही उनकी गाड़ियों को ब्लैक लिस्टेड करवाने की धमकी देते रहते हैं।

पितृ को करें प्रसन्न : आचार्य आसाराम शास्त्री

लखनऊ।29 सितंबर से पितृपक्ष की शुरूआत हो रही है ,हिंदू संस्कृति में श्राद्ध पक्ष का विशेष महत्व है साल में एक बार आने वाले यह 15 दिन व्यक्ति को अवसर देते हैं कि जिन से हमारा अस्तित्व है उन्हें इन 15 दिनों में याद करें ,उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करें ताकि हमारे पित्र जिस लोक में हो वे संतुष्ट हो सके उन्हें मुक्ति प्राप्त हो सके। अयोध्या यूनिवर्स ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) के अह्लचार्य आसाराम शास्त्री बताते हैं कि श्रद्ध पक्ष के 15 दिन हमारे पूर्वज सूक्ष्म रूप में इस धरती पर उपस्थित रहते हैं ,व प्रतीक्षा करते हैं कि उनके परिवारजन उनके निमित्त तर्पण करें ,ब्राह्मण भोज का आयोजन करें, और भगवान नारायण की स्तुति करें।

महापंचायत में डीएम के ना आने से नाराज किसानो ने सीएम आवास किया कूच

खुजौली-नगराम जर्जर सड़क मार्ग के तत्काल निर्माण व किसानो की जमीनो का सर्किल रेट बढाये जाने की मांग पूरा ना होने व महापंचायत में डीएम के ना आने से नाराज हजारो किसानो ने सीएम आवास किया कूच

डीसीपी व एडीएम ने डीएम से शुक्रवार को वार्ता कराने का दिया आश्वासन तो धरना स्थल पर वापस लौटे किसान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।नगराम-खुजौली जर्जर सड़क मार्ग के निर्माण समेत किसानो की जमीनो का तत्काल सर्किल रेट बढायें जाने की मांग को लेकर बीते 38दिनो से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने मगंलवार को महापंचायत का आयोजन किया।महापंचायत में हजारो की संख्या में किसानो समेत क्षेत्रीय लोग ट्रैक्टर-ट्रालियों समेत अन्य साधनो से पहुंचे।बीते 37दिनो में स्थानीय स्तर पर प्रशासन व पीडब्लूडी के अफसरो से सार्थक वार्ता ना होने पर किसान नेताओ ने महापंचायत में डीएम व मंडलायुक्त को बुलाये जाने की मांग की थी ओर दो बजे तक मौके ना आने पर सीएम से मिलने के लिये उनके आवास कूच करने का लान किया था, महापंचायत में किसानो से एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य व एसीपी नितिन सिहं, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार आर्य समेत पीडब्लूडी के अफसरो के साथ वार्ता करने पहुंचे लेकिन विफल रही, जिसके बाद राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष दिनेश यादव व ब्लाक अध्यक्ष अशोक यादव समेत पदाधिकारियो व किसानो के साथ सीएम आवास के लिये कूच कर दिया, जिसके बाद प्रशासन व पुलिस अफसरो के हाथ-पांव फूल गये ओर कई जगह अफसरो ने पैदल चल रहे

किसान नेताओ को समझाने का प्रयास किया लेकिन नाकाम रहे।जिसके बाद एसडीएम ने आला अधिकारियों को सूचना दी तो अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिहं ने गनेशखेड़ा गांव के पास पहुंचकर पैदल चल रहे किसान नेताओ को रोककर सड़क पर ही वार्ता शुरू की लेकिन बात नही बनी, जिसके बाद किसान नेताओ ने डीएम को रास्ते में बुलाकर वार्ता कराये जाने की बात कहकर मौके से चल दिये।हजारो की संख्या में किसानो के सीएम आवास कूच करने व मौके पर मौजूद अफसरो के समझाने के बाद भी ना मानने की सूचना पर डीसीपी दक्षिणी विनीत जायसवाल व एडीसीपी शंशाक सिहं कई थानो की फोर्स व पीएसी बल के साथ मऊ - अतरौली तिराहे पर किसानो को रोकने के लिये बैरीकेटिंग कराकर रास्ता बंद करा दिया, जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में किसान मौके पर ही धरने पर बैठ गया, डीसीपी विनीत जायसवाल व एडीएम राकेश कुमार सिहं ने प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर व जिलाध्यक्ष दिनेश यादव से वार्ता करते हुये शुक्रवार को डीएम से उनके प्रतिनिधि मंडल की राजस्व व पीडब्लूडी अधिकारियों की मौजूदगी में वार्ता कराकर उनकी मांगो को हल कराने का आश्वासन देते हुये घंटो मान-मनौव्वल की, तब जाकर माने किसान नेताओ ने सीएम आवास कूच करने का फैसला बदलते हुये अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर वापस लौट गये।तब जाकर पुलिस व प्रशासन ने राहत की सांस ली।प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर ने कहा डीएम से शुक्रवार को प्रतिनिधि मंडल की वार्ता में दोनो ही मांगे माने जाने के बाद ही अनिश्चितकालीन धरना समाप्त होगा तब तक धरना अनवरत चलता रहेगा।इस मौके पर मंडल सचिव हरीपाल सिहं वर्मा, जिला उपाध्यक्ष जंग बहादुर सिहं, मनोज फौजी, महामंत्री राम सिहं, महासचिव प्रेम चन्द्र, तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार, युवा जिलाध्यक्ष राधेश्याम लोधी, मृत्युजंय वर्मा, गोविंद तिवारी, नीरज त्रिवेदी, शंकर यादव, शमशेर यादव समेत हजारो की संख्या में किसान मौजूद रहें।

गोसाईगंज-मोहनलालगंज सड़क मार्ग पर कई घंटे बाधित रहा यातायात...

खुजौली चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर चल रही महापंचायत में डीएम के ना आने से नाराज हजारो की संख्या में? जुटे किसानो ने पैदल व वाहनो से मोहनलालगंज होते हुते सीएम आवास कूच किया तो मोहनलालगंज-गोसाईगंज मार्ग पर यातायात व्यवस्था चरमरा गयी, मार्ग के दोनो तरफ ट्रको व कारो समेत अन्य वाहनो की लम्बी कतारे लग गयी, इस दौरान किसान नेताओ के साथ अफसर भी करीब छःकिलोमीटर तक पैदल चले, शाम साढे पांच बजे अफसरो के समझाने पर किसान नेता माने ओर अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर वापस लौटने का फैसला किया, तब जाकर उक्त मार्ग पर बेपटरी हुयी यातायात व्यवस्था करीब एक घंटे बाद सामान्य हुयी।

सासंद व विधायक को भी किसानो ने सुनायी खरी खोटी

करीब एक दशक से बेहद जर्जर नगराम खुजौली मार्ग का पुःन निर्माण ना होने से उक्त मार्ग पर चलना दूभर हो गया है नाराज किसानो ने महापंचायत में सत्ता पक्ष के स्थानीय सांसद व विधायक को भी खूब खरी खोटी सुनाई, किसानो ने कहा एक दशक से जर्जर सड़क नही बनवा पा जो नेता वो किस बात के जनप्रतिनिधि है, मोहनलालगंज इलाके की सैकड़ो सड़के बेहद जर्जर है लेकिन कोई सुध लेने वाला नही है।किसानो ने कहा खुजौली-नगराम जर्जर सड़क मार्ग से सैकड़ो गांवो के हजारो लोग का प्रतिदिन आवागमन होता है, लेकिन मार्ग बेहद जर्जर होने से अब चलना दूभर हो गया है।

खड़े ट्रैक्टर ट्राली में घुसी कार, चालक समेत महिला घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भाभी का इलाज कराने लखनऊ जा रहे कार सवार खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में भिड़ी, हादसा इतनी जोर हुआ कि ट्रैक्टर दो भागों में बंट गया इससे कार सवार दो लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। निमार्णाधीन लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर रहीमाबाद थाना क्षेत्र के हाईवे ढाबे के पास मंगलवार शाम करीब साढ़े आठ बजे बरेली जनपद निवासी अनूप कुमार चतुवेर्दी अपनी भाभी रागिनी चतुवेर्दी को लखनऊ कमांड हॉस्पिटल इलाज के लिए अपनी निजी कार से डॉक्टर को दिखाने जा रहे थे। तभी लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर मैसी फोर्ड ट्रैक्टर में डीजल खत्म हो जाने के कारण ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क पर खड़ा था। वहीं बरेली से तेज रफ्तार से आ रहे स्विफ्ट डिजायर कार सवार रात के अंधेरे में अचानक ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसे टक्कर इतनी जोर थी कि ट्रैक्टर का अगला हिस्सा अलग हो गया। वहीं कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रहीमाबाद में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर ड्राइवर डीजल लेने निकट पेट्रोल पंप गया हुआ था।

जब देश का बच्चा स्वस्थ होगा, तो देश मजबूत होगाः अवनीश कुमार सिंह

सोलह प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को मिलेगा सुबह का नाश्ताः संयोगिता सिंह चौहान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मंगलवार को माल विकासखंड के ग्राम पंचायत अटारी में प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान की अगुवाई में श्री सत्य साईं अन्नपूर्णा ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्नातक एमएलसी अवनीश कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकासखंड में संचालित सरकारी प्राथमिक विद्यालय के 1643 बच्चों को सुबह पौष्टिक आहार वितरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जब देश का बच्चा स्वस्थ होगा तो देश मजबूत होगा। बच्चों को पौष्टिक आहार मिलने से उनका सवार्गीण विकास होगा। स्वस्थ शरीर मे ही मजबूत दिमाग काम करता है यह पहल बहुत ही अच्छी पहल है। उन्होंने उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी को कहा कि इसको मॉडल प्रयोग के तौर पर ले व सभी स्कूलों में लागू करने की योजना बनाये। वहीं माल प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान ने बताया कि कर्नाटक की संस्था श्री सांई अन्नपूर्णा ट्रस्ट द्वारा माल विकासखंड में सोलह सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के 1643 बच्चों को सुबह पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने का जिम्मा लिया है। यह योजना पूरे प्रदेश के लिये एक मॉडल प्रयोग है। हम बच्चों व महिलाओं के कल्याण व उनके सवार्गीण विकास हेतु पूरे देश मे भ्रमण करते रहते है। सुबह कानाश्ता जो दिया जायेगा उसमे गुड़ व रागी जैसे पौष्टिक अनाज शामिल है जो कि बच्चों का मानसिक विकास भी करेंगे। प्राथमिक विद्यालयों में जब बच्चे पौष्टिक आहार ग्रहण करेंगे तो बच्चों के शारिरिक व बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। और छात्र-छात्राओं का जीवन खुशहाल होगा। इस मौके पर राजा अटारी कुंवर बलबीर सिंह, नांबियार अय्यप्पा मंदिर के संस्थापक सदस्य, बंशीधर श्रीवास्तव, विवेक गंगवार ग्राम पंचायत ट्रेनर, दिलीप त्रिपाठी, अरविंद, रवि द्विवेदी, दुर्गेश त्रिपाठी सहित दर्जनों प्रधान व शिक्षक मौजूद रहे।

आयुष्मान योजना : यूपी को मिले दो अवार्ड

आरोग्य मंथन

ग्रीन चैनल अपनाने व पूछताछ केंद्र स्थापित करने पर मिला सम्मान

आभा स्कैन की सर्वाधिक संख्या व टोकन तैयार करने पर मिला अवार्ड

सोमवार से दिल्ली में शुरू हुए आरोग्य मंथन-2023 में मिले दोनों अवार्ड

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान किए गए कार्यों के बदले मिला सम्मान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) को बेहतर तरीके से धरातल पर उतारने के लिए यूपी को दो अवार्ड मिले हैं। पहला है आयुष्यमान पूछताछ केंद्र की स्थापना करना और ग्रीन चैनल पेमेंट व्यवस्था शुरू करना। दूसरा है आभा स्कैन की सर्वाधिक संख्या व टोकन तैयार करना। इन दोनों श्रेणियों में उत्तर प्रदेश को आयुष्मान कियास्क डिपल्वायमेंट एंड ग्रीन चैनल इम्प्लीमेंटेशन और हाईएस्ट नंबर ऑफ आभा स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेटेड अवार्ड मिला है। आभा स्कैन यानि आभा एप्लीकेशन के जरिए मरीज आसानी से क्यूआर कोड स्कैन करते हैं और उन्हें तत्काल टोकन नंबर मिल जाता है।

यह अवार्ड नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 25 सितंबर से दो दिवसीय आरोग्य मंथन के दौरान दिया गया है। यह अवार्ड मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की ओर से केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने दिया। सम्मान लेने के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा और साचीस की सीईओ संगीता सिंह और अन्य मौजूद रहे। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्परहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीस) यूपी में पीएमजेएवाई की नोडल एजेंसी है। राजधानी दिल्ली में यह आयोजन पीएमजेएवाई के पांच वर्ष पूरे होने पर और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के दो वर्ष पूरे होने पर आयोजित किया गया था।

राज मिस्त्री का पड़ा मिला शव हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार

बिजनौर में पड़ा मिला राज मिस्त्री का शव, हत्या की आशंका

शरीर में कई जगह थे चोट के निशान, पत्नी ने उसके साथी पर लगाया हत्या का आरोप

आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

सरोजनीनगर-लखनऊ बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक राजमिस्त्री का संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। मृतक के कपड़े फटे थे और उसके गले में कसाव के निशान थे। जिससे आशंका व्यक्त की जा रही थी कि हत्यारों ने राजमिस्त्री का गला कसाव हत्या की होगी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने उसकी पहचान की। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी ने गांव के ही एक युवक पर पति का गला दबाकर हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। बिजनौर के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह राणा ने बताया कि आरोपित युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजनौर के चौधरी मोहल्ले में रहने वाला राम प्रसाद (40) राज मिस्त्री का काम करता था। राम प्रसाद सोमवार की सुबह चार बजे बच्चों को लेकर गांव में चल रही नौंटकी दिखाने गया था। इसके बाद वह लापता होगा। सोमवार की शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन अक्सर घर से लापता रहने के चलते पुलिस को सूचना नही दी थी। मंगलवार की सुबह बिजनौर-रहीमाबाद के बीच स्थित नाले के पास उसका शव पड़ा मिला। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची उसकी पत्नी ने रामप्रसाद की पहचान की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक राम प्रसाद के शरीर पर कई जगह चोट व गले में कसाव के निशान थे। जिसके चलते लोग राम प्रसाद की हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त कर रहे थे। उसके शरीर के पड़े भी फटे होने से यह भी अनुमान लगाया जा रहा था कि हत्या के दौरान उसने संघर्ष भी किया होगा। पुलिस आरोपित के साथ ही दो अन्य युवको को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी गायत्री के अलावा बेटी माही (15), बेटा प्रिंस (13) और तनिश (11) हैं।

साथी मर हत्या का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

मृतक राम प्रसाद की पत्नी गायत्री अपने पति के साथी यहीं के रहीमाबाद में रहने वाले मुकेश कनौजिया पर हत्या का आरोप लगाया है। पत्नी का आरोप है कि राम प्रसाद अधिकतर मुकेश के टयूवेल पर ही रहता था। पीड़िता की तहरीर पर स्थानीय पुलिस मुकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए दिया गया प्रशिक्षण

फाइलेरिया मरीजों को प्रदान की गयी एमएमडीपी किट

कठवारा पीएचसी पर फाइलेरिया मरीजों का रुग्णता प्रबंधन और दिव्यांगता प्रबंधन पर अभिमुखीकरण

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, बक्शी का तालाब ब्लॉक के कठवारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान और स्वयंसेवी संस्था पाथ और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च(सीफॉर) के सहयोग से फाइलेरिया मरीजों का रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता प्रबंधन (एमएमडीपी) पर अभिमुखीकरण किया गया।इस मौके पर 64 फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट भी प्रदान की गयी।इस अवसर पर बक्शी का तालाब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक डा. जे.पी.सिंह ने कहा कि फाइलेरिया जिसे हाथी पाँव भी कहते हैं यह यह लाइलाज बीमारी है जिसको केवल प्रबंधन से ही नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए एमएमडीपी किट दी गई है। किट में तौलिया, साबुन टब और मग आदि शामिल हैं।उन्होंने कहा कि जो भी समान दिया गया है उसका उपयोग फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल में करें उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल करने के बारे में जो जानकारी दी जाए उसको अमल में लाएं उचित देखभाल न करने से फाइलेरिया रोगी दिव्यांग हो सकता है और व्यक्ति का जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो सकता है इस मौके पर पाथ के प्रतिनिधि डा. अनंत विशाल ने उपस्थित फाइलेरिया मरीजों को बताया कि फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल इसलिए भीजरूरी है, ताकि उनमें व्यापक मूवमेंट हो और सूजन न बढ़े।इसके अलावा महिलाएं फाइलेरिया ग्रसित पैरों में बिछिया या पायल और हाथों में अंगूठी या चूड़ियाँ पहनने से बचें। सीफार के सर्वेश ने फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के बारे में बताया कि फाइलेरिया रोगी को प्रभावित अंगों की नियमित रूप से सफाई करनी चाहिऐ प्रभावित अंगों को साबुन से धोना चाहिए लेकिन इस बात का विशेष ध्यान रखें कि साबुन को सीधे प्रभावित अंगों पर नहीं लगाना लगाएं बल्कि साबुन का फेना बनाकर और उसे ऊपर से नीचे की ओर हल्के हाथों से लगाना चाहिऐ फिर पोंछकर उस पर एंटी सेप्टिक क्रीम लगानी चाहिऐ सर्वेश ने व्यायाम करके भी दिखाया इस मौके पर पहले से एमएमडीपी का प्रशिक्षण प्राप्त 35 वर्षीय फाइलेरिया मरीज कौशल ने बताया कि उन्होंने लगभग आठ माह पहले भी यह प्रशिक्षण लिया था और प्रशिक्षण के दौरान जो व्यायाम और साफ सफाई के बारे में बताया गया थो उस पर अमल किया जिसके परिणाम स्वरूप बाएं पैर में सूजन में कमी आ गई इस बारे में मैं गाँव में अन्य लोगों को भी बताता हूँ और इस प्रशिक्षण में गाँव के कोटेदार को भी लेकर आया हूँ जो कि फाइलेरिया से ग्रसित हैं इन्हीं में से ग्राम नगुवा मऊ कलां निवासी फाइलेरिया नेटवर्क सदस्य रामदास जो कि पहली बार प्रशिक्षण ले रहे थे उन्होंने कहा कि जो भी बातें यहाँ उन्हें बताई गई हैं वह उनका प्रयोग अपने जीवन में प्रतिदिन करेंगे यह उनकी जिंदगी से जुड़ा हुआ है इस मौके पर बीसीपीम अजीत कुमार यादव, , फार्मासिस्ट अरुण कुमार, एएनएम सुमन, आशा संगिनी विद्यावती , आशा कार्यकर्ता सहित पीएचसी के कर्मचारी, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) की प्रतिनिधि और फाइलेरिया नेटवर्क समूह के 64 मौजूद रहे

तीन हजार परिवार का भरण-पोषण करने वाले उद्यमी अवैध अतिक्रमण से परेशान.

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर-लखनऊ प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्र विकासित करने व अधिक से अधिक कम्पनियां स्थापित करने के लिए उद्यमियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए नई-नई योजनाएं लागू की जा रही है। लेकिन उद्यमियों की समस्याएं दूर करने के लिए बनाए गये विभागों के अधिकारी उनकी समस्याओं कितनी गंभीरता से लेते है। इसका नमूना सरोजनीनगर थाना क्षेत्र की कानपुर रोड स्थित सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र में देखा जा सकता है। तकरीबन तीन हजार परिवार का भरण-पोषण करने वाले इस औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी अवैध अतिक्रमण से परेशान है। यहां अवैध रूप से खड़ी हो रही महानगर सेवा की बसें व रात मे लगने वाली मौरंग मंडी को हटाने शिकायत किये जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नही हुई। जिसके चलते यहां के उद्यमियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उप्र राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड द्वारा सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है। यहां 65 फैक्ट्री लगी है और तकरीबन 03 हजार लोग काम करते है। लेकिन इस समय यहां के उद्यमी दोहरी मार झेल रहे है। एक तो यहां की मुख्य सड़क पर महानगर बसों के अवैध कब्जे से जाम तथा दूसरा रात को अवैध मौरंग मंडी लगने खस्ताहाल हो रही सड़के। मौरंग मंडी में आने वाले 10-12 टायर वाले डंफरो का लोड यहां की सड़के नही झेल पा रही है। जिसके चलते यहां के मुख्य मार्ग पर बडे:-बड़े गड्ढे हो गये है। जिससे अब यहां छोटे चार पहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो रहा है। आरोप है कि औद्योगिक क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर ही महानगर बस सेवा के चालक अपनी बसों को आडी-तिरछी खड़ी कर देते है। जिससे उन्हें अपने चार पहिया वाहनों से निकलना काफी मुश्किल हो जाता है। यहां बस चालकां की लापरवाही से कर्मचारी भी चोटिल हो रहे है। पीड़ित उद्यमियों ने यहां अवैध रूप से बसें खड़ी करने व मौरंग मंडी लगाए जाने की शिकायत स्थानीय पुलिस के साथ ही इसकी शिकायत जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के महाप्रबंधक से की है।

बैखोफ चोरो ने दुकान का शटर तोड़कर आठ लाख के मोबाइल फोन व नगदी उड़ाई

मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के भावाखेड़ा गांव में बैखोफ चोरो ने हाइवे किनारे स्थित मोबाइल शॉप व जनसेवा केन्द्र का ताला तोड़कर चोरी, आठ लाख के मोबाइल फोन व स्मार्ट वांच समेत 42हजार की नगदी उड़ाई

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के भावाखेड़ा गांव में बीते सोमवार की देर रात बैखोफ चोरो ने मोबाइल शॉप व जनसेवा केन्द्र का शटर तोड़कर आठ लाख कीमत के कीपैड व स्मार्ट फोन, स्मार्ट वाच समेत 42हजार की नगदी चुरा ले गयें।दुकानदार मगंलवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो शटर टूटे देखे तो उसे चोरी की घटना का पता चला।सूचना के बाद इंस्पेक्टर ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी हैं।

मोहनलालगंज के भावाखेड़ा गांव निवासी अभिषेक सिहं ने बताया गांव में हाइवे किनारे बनी मार्केट में स्थित एक दुकान में रचना कम्यूनिकेशन एण्ड मोबाइल शाप व बगल में स्थित दूसरी दुकान में जनसेवा केन्द्र खोल रखा है, बीते सोमवार की रात दोनो दुकाने बंद कर वो घर चले गये, देर रात बैखोफ चोरो ने मोबाइल शाप में लगी लोहे की जाली के गेट की दो कुंडी काटने के बाद अंदर लगे शटर के इंटरलांक तोड़कर दुकान के अंदर रखे 8लाख कीमत के 63पीस विभिन्न कम्पनियों के कीपैड फोन, 28पीस स्मार्ट मोबाइल फोन, 22पीस स्मार्ट वाच व एसेसिरिज समेत बनने के लिये ग्राहको के 23पीस मोबाइक चोरी करने के साथ ही गल्ले में रखी 42हजार रुपए की नगदी व जनसेवाकेन्द्र की दुकान का शटर तोड़कर गल्ले में रखी हजारो की नगदी उड़ाने के साथ मोबाइल शाप में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ने के साथ ही डीवीआर भी उठा ले गयें।दुकानदार अभिषेक ने बताया मगंलवार की सुबह जब वो मोबाइल शाप खोलने पहुंचे तो शटर व गेट टूटा देखा तो उन्हे चोरी की घटना का पता चला, जिसके बाद हड़कम्प मचा तो मौके पर ग्रामीणो की भीड़ इक्ट्ठा हो गयी।पीड़ित दुकानदार की सूचना के बाद इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने एसएसआई बेचू सिहं यादव व चौकी इंचार्ज अनुराग पांडे समेत पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित दुकानदार के द्वारा दी गयी तहरीर पर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस व सर्विलांस टीमो की मदद से चोरो की तलाश शुरू कर दी गयी है, दुकान के पास हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज भी खगंलवायी जा रही हैं।

हाइवे किनारे दुकानो में चोरी से पुलिस गश्त पर उठे सवाल

भावाखेड़ा गांव में हाइवे किनारे स्थित मोबाइल शॉप व जनसेवा केन्द्र में शटर तोड़कर चोरी के बाद पुलिस के गश्त पर सवाल उठ गये है.दुका ?नदारो व ग्रामीणो ने पुलिस पर क्षेत्र में गश्त ना करने का आरोप लगाते हुये बताया मोहनलालगंज कोतवाली के कनकहा चौकी के बीच का कुछ एरिया निगोहां थाने के अन्तर्गत आता है, जिसके चलते भावाखेड़ा व बैरीसालपुर गांवो में पुलिस कम ही गश्त करती है ओर चोरो ने उसी का फायदा उठाकर मोबाइल शांप में बड़ी चोरी की घटना को अजांम दे दिया।जिसको लेकर लोगो में आक्रोश व्याप्त हैं।

संक्षेप

राजकीय बालिका इण्टर कालेज में कला उत्सव का हुआ आयोजन

उन्नाव। राजकीय बालिका इण्टर कालेज में कला उत्सव नामक एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे शास्त्रीय गायन व नृत्य विधा के साथ साथ आर्ट एवम मिट्टी कला की प्रतियोगिता आयोजित करी गयी। जिला स्तरीय इस आयोजन में जनपद के विभिन्न राजकीय विद्यालयो के लगभग 60 प्रतिभागियों ने अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक एस पी सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूवात की। नृत्य व गायन में छात्रों की दमदार प्रस्तुति रही जिसे देख निर्णायक मंडल भाव विभोर हो गये, तो वही मिट्टी कला में छात्रों के एक से बढ़कर एक प्रदर्शन ने अतिथियो का दिल जीत लिए राजकीय बालिका कालेज की प्रधानाचार्या किरण भारती ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जनपद स्तरीय हो रहे इस कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित किये जायेगे। कार्यकम के बाद विजेता छात्रों के पुरुस्कृत भी किया गया।

झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ होकर कर रहे इलाज

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के नानामऊ रोड पर संचालित बिना नाम का क्लीनिक डाक्टर सुंदर लाल पाल चला रहें हैं.ऐसे ही क्षेत्र व ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ सी आई हुई है. हर पांच किलोमीटर की दूरी पर एक झोलाछाप डॉक्टर तामझाम के साथ क्लीनिक संचालित कर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं. ऐसे कई मामले पूर्व में सामने आ चुके है. इतना ही नहीं ग्रामीणों व जागरूक जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर कोई कार्रवाई न होने से अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं.स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों के संरक्षण में झोलाछाप डॉक्टर कुकुरमुत्ते की तरह पनप रहे हैं.बांगरमऊ विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे डॉक्टर खुद की क्लीनिक खोल डॉक्टर बनकर गंभीर बीमारियों का इलाज करने लगे है, जबकि इनके पास न तो संबंधित अधिकारी और न ही उपचार संबंधी कोई भी लाइसेंस है।

रंजिशन धान की अधपकी फसल काट ले गए दबंग

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ग्राम ततीयापुर निवासी एक परिवार ने गांव के ही कुछ लोगों पर जबरन धान की अधपकी फसल काट ले जाने का आरोप लगाया है। पूरे मामले की जांच कराने और आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की ग्राम ततियापुर निवासी चंद्रपाल ने अपने परिजनों के साथ कोतवाली पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि दिन दहाड़े गांव के ही कुछ दबंगों ने उसके खेतों में खड़ी धान की फसल काट ली। आरोप लगाया कि मना करने पर आरोपियों ने नाजायज असलहे उस पर तान दिए तो ग्रामीणों ने किसी तरह उसे बचाया। कहा है कि आरोपी उसकी हत्या कर सकते हैं। पूरे मामले की जांच कराने की मांग की।

सत्ता की हनक एवम प्रशासन की साठगांठ से क्षेत्र में जमकर हुआ खनन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। सत्ता की हनक एवम प्रशासन की मिली भगत से क्षेत्र में जमकर धरती माता का सीना छलनी कर खनन माफियाओ ने जमकर मिट्टी खनन किया इसका खुलासा जब उजागर हुआ जब दो खनन माफियाओ के बीच तू तू मैं मैं हुआ जिसका नजारा साफ दिखता है की किस प्रकार सत्ता के आगे तहसील प्रशासन भी सब कुछ जानते हुए भी आंखमुद लेता है बताते चलें कि खनन माफिया संदीप मिश्रा एवम संजू सिंह लंबे अरसे से खनन करने में सक्रिय है जिनको प्रशासन तथा सत्ता का पूर्ण संरक्षण प्राप्त दिखता सूत्र बताते है की दोनो में आपसी तालमेल भी खूब था आपसी साझेदारी में खनन व्यवसाय करते आ रहे थे जमाल नगर गांव निवासी राघव शुक्ला भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता है जो अपने गांव एवम आसपास भाजपा का चुनाव प्रबंध देखता ही है सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहता है जिसके चलते क्षेत्रीय भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर का चहेता भी है अपने को उनका प्रतिनिधि भी बताता है उसके गांव जमालनगर सहित आसपास क्षेत्र का खनन माफिया संदीप मिश्रा की टीम जब भी खनन करती थी तो वह विधायक का खौफ पैदा कर कुछ उगाही कर लेता था हल्का पुलिस भी सब कुछ जानते हुए भी मौन रहती थी क्षेत्र में होने वाले खनन में कोई अवरोध न पैदा हो इसकी जिम्मेदारी भी राघव शुक्ला पर रहती थी यह धंधा लंबे अरसे से चल रहा था इस बीच जमालनगर गांव में खनन संदीप की टीम ने कराया जिसमे राघव शुक्ला ने अपना शेयर निर्धारित कर दिया लेकिन बताया जाता है संदीप ने शेयर देने से इनकार कर दिया जिस पर उसकी तू तू मैं मैं भी हुई थी मामला थाना पुलिस तक भी पंहुचा शांति भंग की कार्यवाही भी हुई थी बताया जाता है इस बीच संदीप मिश्रा ने राघव शुक्ला को भाव देना बंद कर दिया जिस पर उसने दूसरे खनन माफिया संजू सिंह ,लकी यादव कम्पनी से हाथ मिला लिया एक सप्ताह पूर्व जब क्षेत्र के सरायसकहन गांव में धोबिन खेड़ा के पास एक बड़े भू भाग वाले टीले पर संदीप ने खनन कराना शुरू किया तो राघव शुक्ला के संरक्षण में संजू सिंह की टीम ने प्रतिशोध किया जिस पर दोनो पक्षों में कहासुनी हुई जिसके चलते संदीप ने संजू एवम उसके साथियों पर गाली गलौज,घेराबंदी करने एवम जान से मार देने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराकर स्थानीय कोतवाली में बन्द करा दिया इस प्रकरण के बाद विधायक बंबा लाल दिवाकर को गाली देता एक वीडियो वायरल हुआ हला कि उस वायरल वीडियो की अमन लेखनी समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है जिससे सफीपुर विधान सभा क्षेत्र में उसे खनन करने से मना किया जा रहा है खनन माफिया संदीप अपना खुद का नाम उजागर करता है और विधायक को गाली देते हुए चुनौती देता है कि वह खनन कराएगा जिसे जो करना हो कर ले सोशल मीडिया में विधायक को गाली देते वीडियो को देखकर विधायक समर्थको में आक्रोश पनपने लगा लेकिन ज्यादातर गणेश महोत्सव में व्यस्त थे अवैध खनन के गंभीर मामले में एक जनप्रतिनिधि को दी जा रही खुले आम गालियों के बावजूद प्रशासन के कान में जूं नही रेंगी जिम्मेदार लोग मूकदर्शक बने रहे अपने को भाजपा कार्यकर्ता बताकर राघव शुक्ला ने दलित उत्पीड़न सहित सुसंगत धाराओं में सफीपुर कोतवाली में संदीप के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है जिस पर कोई बड़ी कार्यवाही होगी भी कि नही यह भविष्य के गर्त में है दूसरा गंभीर पहलू यह है कि लगभग एक पखवाड़े से जमाल नगर से लेकर सराय गांव तक अवैध खनन होता रहा प्रशासन मूक दर्शक बना रहा हल्का दरोगा , बीट सिपाही ,क्षेत्रीय लेखपाल सभी अनजान बने रहे तहसील मुख्यालय पर बैठे अधिकारी भी अब तक अनभिज्ञ बने हुए है बताया जाता है जमाल नगर में हुआ खनन तो सरकारी भूमि पर हुआ है जिसमे प्रधान की भूमिका भी संदेह के घेरे में है क्योंकि उसी भूमि पर अब गौशाला का निर्माण होने जा रहा है आश्चर्य जनक बात तो यह है खुले आम हुए अवैध खनन जिसकी गूंज मीडिया एवम सोशल मीडिया के माध्यम से हो रही है लेकिन प्रशासन अब भी अनजान बना हुआ।

कृषि विज्ञान केंद्र पर व्यंजन प्रतियगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा सन्दाना मे श्री अन्य व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आगनबांडी, सहित युवातियों ने प्रतिभाग किया,प्रथम द्वितीय तृतीय आने पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।धौरा कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा धीर खेड़ा गांव के पंचायत भवन में श्रीअन्न आधारित व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 45 कृषक महिलाओं /बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉक्टर अर्चना सिंह ने किया। डॉ अर्चना सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को श्री अन्न की उपयोगिता एवं स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी साथ ही यह भी बताया की श्रीअन्न में उपस्थित पोषक तत्व किस प्रकार मधुमेह उच्च रक्तचाप एवं रक्त अल्पता जैसी समस्याओं के निराकरण में सहयोगी है। मोटे अनाजों में खाद्य रेशों के महत्व को भी बताया और कहा कि हम सभी को अपने प्रतिदिन के भोजन में मोटे अनाजों को शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीडीपियो मीना यादव ने महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने विभाग द्वारा कुपोषण निवारण हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी साथ ही मोटे अनाजों को अपने दैनिक आहार में शामिल करने हेतु आहवाहन किया। वैज्ञानिक रत्ना सहाय ने मोटे अनाजों का उत्पादन करने में मिट्टी की उपयुक्तता एवम जैविक खेती, प्राकृतिक खेती आदि पर चर्चा की। प्रधान कंचन कुमारि ने उपस्थित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए मोटे अनाजों की खेती को अपने गांव में बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस मौके पर कंचन शर्मा, प्रवीण गुप्ता, बाबू सिंह ,शिव मुनेश्वर बख्श सिंह , अवनीश प्रताप सिंह,संदीप शर्मा,देशपाल, प्रिया शर्मा, आदि लोग मौजूद थे।

डीएस एन महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। डीएस एन पीजी कालेज में एन०ई०पी० -2020 के अंतर्गत स्नातक प्रथम सेमेस्टर के सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती वंदन एवं दीप प्रज्जवलन प्राचार्य प्रो० प्रदीप गुप्ता द्वारा किया गया इनके द्वारा विद्यार्थियों को नयी शिक्षानीति के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी तत्पश्चात चीफ प्राक्टर प्रो० अरविन्द्र त्रिपाठी ने महाविद्यालय में अनुशासन एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रभारी डॉ० हरिशंकर यादव ने आर्थिक रूप से कमजोर एवं बालिकाओं हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के विषय में अवगत करायाकार्यक्रम का संचालन डॉ० अलका मिश्रा, डॉ० शुभा द्विवेदी तथा डॉ० रंजना त्रिपाठी ने कियाविज्ञान संकाय प्रभारी प्रो० पवन श्रीवास्तव, कला संकाय प्रभारी (मानविकी) प्रो० सतीश सिंह, कला संकाय प्रभारी (भाषा) प्रो० सुषमा पुरवार एवं वाणिज्य संकाय प्रभारी डॉ० राजेश श्रीवास्तव जी ने संकायवार एन०ई०पी० के अन्तर्गत विद्यार्थियों को विषय संरचना के बारे में जानकारी दी। उ०प्र० उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग द्वारा नियुक्त जी0-20 ब्रान्ड अम्बेसडर डॉ० तुलिका रानी ने विद्यार्थियों को प्रेरक व्याख्यान दिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ० अनुज निर्मल द्वारा प्रेषित किया गया।

अमीर गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालुओ ने निकाली गणपति की शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर के लोक नगर मोहल्ला में चल रहे सात दिवसीय गणेश महोत्सव मे विराजे बाबा गणपति का विसर्जन भक्तों ने शोभा यात्रा निकाल कर बडे हर्षोल्लास के साथ किया। शोभा यात्रा के दौरान गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों और डीजे की धुनों पर अमीर गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालुओ ने गजानन की शोभायात्रा निकाली। मोहल्ला में भ्रमण कर शारदा नहर में मूर्ति विसर्जित की गई। समाजसेवी कपिल मिश्रा ने पूजा अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की ।शहर के लोक नगर मोहल्ला के रहने वाले कपिल मिश्रा के आवास पर पिछले सात दिनों से चल रहे गणेश महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हो रहा था। सोमवार षाम मूर्ति विसर्जन यात्रा में षामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रा से पूर्व गजानन महराज की विधि विधान से आरती पूजन हवन कर गणपति बप्पा मोरया अगले बरस जल्दी आ के जयघोष के साथ महोत्सव संपन्न हुआ। लेखपाल दीपेन्द्र तिवारी की अगुवाई में मूर्ति विसर्जन यात्रा षहर के गांधी नगर स्थित शारदा नहर पहुंची। यहां समाजसेवी कपिल मिश्रा व अन्य भक्तों ने नम आंखों से गणेष बप्पा को विदाई दी। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। यहां सैकडों की संख्या में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान गणेष महोत्सव के संस्थापक चंद्रषेखर मिश्रा, हरिकेष मिश्रा, मंजू बाजपेई, षांति देवी मिश्रा, मानसी मिश्रा, रोली बाजपेई, योगेष बाजपेई, समाजसेवी कपिल मिश्रा, लेखपाल दीपेन्द्र तिवारी, चंदन गुप्ता, अंकित तिवारी, वैभव दीक्षित, अमित व सुमित आदि गजानन भक्त मौजूद रहे।

गांधी जयंती पर स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित के दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस वर्ष महात्मा गॉधी के जन्मदिवस 02 अक्टूबर से सम्पूर्ण प्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है। स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में साप्ताहिक कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष निगम द्वारा जानकारी दी गयी है कि इस कार्यक्रम के तहत 02 अक्टूबर को जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं ब्लाक स्तर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा। जनपद के समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निबन्ध एवं चित्रकला का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों व छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होने बताया है कि समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया। नोडल अधिकारी गण समस्त विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का आयोजन कर 3-3 उत्कृष्ट प्रविष्टियों को 05 अक्टूबर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा देंगे, जनपद स्तर पर निर्वाचक मण्डल द्वारा उत्कृष्ट प्रविष्टियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित किया जायेगा। इसके उपरान्त साप्ताहिक कार्यक्रमों की समाप्ति पर निर्वाचक मण्डल द्वारा चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इस अभियान के अन्तर्गत जिला सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समितियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय एवं समीपवर्ती परिसर में साफ-सफाई के लिए गहन स्वच्छता कार्य भी सम्पादित कराये जायेंगे।

गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाल कर किया गणेश मूर्ति का विर्सजन

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। सात दिवसीय तृतीय गणित महोत्सव के समापन के पश्चात भंडारे का आयोजन कर गणपति बप्पा अगले बरस तुम जल्दी आना के जयकारों के साथ,गाजे बाजे पर नृत्य करते हुए नम आखो से हुई विदाई कस्बा औरास के पौराणिक मंदिर लाडले बाबा उर्फ जंगलेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में गणेश महोत्सव के कमेटी के द्वारा सात दिवसीय तृतीय गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें शाम को सुंदर-सुंदर भजन व सुन्दर झांकियां दिखाई जा रही थी जिसका मंगलवार को विघ्नहर्ता के भक्तों के द्वारा महोत्सव के समापन के पश्चात धूमधाम से भंडारे का आयोजन कर विघ्नहर्ता के भजनों पर मस्त होकर भक्ति भाव से डीजे और गाजे बाजे पर नृत्य कर गणपति बप्पा अगले बरस तुम जल्दी आना के जयकारों के साथ संपूर्ण कस्बे में विघ्नहर्ता मंगल मूर्ति की मूर्ति भ्रमण कराकर नगर में स्थित सही नदी में विसर्जन कर दिया गयाइस मौके पर नगर के सभी युवा साथी दीपक निगम अजय शर्मा अजीत शर्मा ऋषि यादव के अलावा गणेश महोत्सव कमेटी के सदस्य व प्रशासन भी मौजूद रहा।

फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना अजगैन पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। 17 फरवरी को थाना अजगैन पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। दौराने विवेचना मुकदमा उपरोक्त में धारा 376 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई थी। जिस में मंगलवार को उप निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त हिमांशु (22) पुत्र जयप्रकाश निवासी सम्भुआ थाना विधनु जिला कानपुर नगर को कमला होटल के पास लखनऊ कानपुर नगर नेशनल हाइवे से पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश लेकर निकली भव्य यात्रा

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। ग्रामसभा मिजार्पुर सुम्हारी में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्राम प्रधान व सचिव संग ग्रामीणों ने घर घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी एकत्रित की ।कार्यक्रम में तमाम पुरुष व महिलाओं ने भागीदारी की। मंगलवार को मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत मिजार्पुर सुम्हारी में प्रधान संतोष कुमार पाल व सचिव अनिल पटेल ने ग्रामीणों संग स्थानीय श्री 1008 दिगम्बर स्वामी महाराज आश्रम स्थित प्राथमिक विद्यालय से हाथों में अमृत कलश लेकर गांव का भ्रमण किया।आयोजित कार्यक्रम में भारत माता के जयकारों संग अमृत कलश लेकर गाँव के घर घर जाकर मिट्टी ली।और पक्के घरों से दो चुटकी चावल कलश में लिया गया। वहीं ग्रामवासियों ने डीजे की देशभक्ति धुन के साथ हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारों के साथ अमृत कलश लेकर ग्राम पंचायत का भ्रमण किया।मौके पर बीबीसी प्रमेश, चंद्रशेखर लोधी, आंगनबाड़ी सरिता अवस्थी, आशा बहू कुमुद अवस्थी, आंगनबाड़ी सहायिका संग सुरेश चंद्र द्विवेदी, आशीष, अवधेश, छेद्दू, रमेश, राकेश अवस्थी, राजू, हीरालाल व दीपक सहित आधा सैकड़ा ग्रामीणों मौजूद थे।कार्यक्रम का समापन पंचायत भवन में किया गया।

कालेज परिसर में बीएड कार्यशाला की आयोजित

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के एक इंटर कालेज में बीएड कार्यशाला आयोजित की गई ।जिसमे प्राइवेट कालेज के शिक्षकों ,अभिवावकों सहित युवा छात्रों को बीएड पाठ्यक्रम और उससे मिलने वाली नौकरी की जानकारी उपलब्ध कराई ।फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के तकिया निगोही स्थित उन्नाव पब्लिक इंटर कालेज में कार्यशाला का आयोजन किया गया ।जिसमे ग्रेजुएशन की शिक्षा पूरी कर चुके युवा छात्र ,शिक्षण गण, अभिवावकों ने प्रतिभाग किया ।कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य आर. बी.सिंह ने किया ।प्रधानाचार्य ने उपस्थित लोगो को जागरूक करते हुए बताया कि बीएड पाठ्यक्रम शिक्षा पूरी करने के बाद छात्र नवोदय विद्यालय ,केंद्रीय विद्यालय ,दिल्ली अधिनस्थ सेवा चयन बोर्ड विद्यालय में नौकरी के साथ साथ आर्मी स्कूल ,कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ,ब्लाक एजुकेशन आफिसर ,डायट प्रवक्ता ,प्रधानाचार्य और राजकीय इंटर कालेज में नौकरी का अवसर मिलता है ।कार्यक्रम में शिक्षक अंकुल गुप्ता ,रानी,शैलजा,तुसार सिंह वर्षा रानी आदि लोग मौजूद रहे।

ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, किशोर व युवक की हुई मौत, एक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र के हिलौली बछरावां मार्ग स्थित मटेहना मोड के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे किशोर व युवक की मौत हो गई। एक युवक जख्मी हो गया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत को सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के रामकिशुनखेड़ा गांव के रहने वाली आरती लाल का चालीस वर्षीय बेटा रामबाबू अपने साथी श्यामू (35) पुत्र भिल्लर तथा राजेन्द्र प्रसाद के सत्तरह वर्षीय बेटे अमर लाल के संग बाइक हिलौली गांव में बीती रात नौटंकी देखने के लिए जा रहे थे। इसी दरम्यान हिलौली बछरावां मार्ग स्थित कूटीखेड़ा गांव से पहले मटेहना मोड़ के पास तेज रफ्तार गिट्टी लादे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक सवार तीनों जख्मी हो गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को पीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने रामबाबू व अमरलाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीसरे जख्मी श्यामू को भर्ती कर इलाज चल रहा है। पुलिस ने पहचान के बाद परिजनों को हादसे की जानकारी दी और आवश्यक कार्रवाई की गई है। मौत की खबर मिलने पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने दोनो शवो का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौरावां प्रभारी निरीक्षक भुवन सिंह मौर्य ने बताया की एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जांच पड़ताल की जा रही है परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम समाज की जमीन पर अवैध अवैध कब्जा पर चला बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। ग्राम समाज की भूमि पर बुजुर्गों के जमाने से दंगल /मेले का आयोजन होता चला आ रहा है वही मंदिर भी बने हैं इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया ग्राम प्रधान / ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन से अतिक्रमण को हटवाया तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम भोगइता थाना बीघापुर में बुजुर्गों के जमाने से प्रतिवर्ष दंगल / मेले का आयोजन इंदामऊ रोड के किनारे ग्राम समाज की भूमि खतौनी गाटा नंबर 1103 प व फ पर आयोजन होता है इसी भूमि पर बुजुर्गों के जमाने से मंदिर भी बने हुए हैं जो लोगों के आस्था का केंद्र है यह भूमि लिंक रोड के किनारे होने के कारण बेस कीमती भूमि है जिस पर कुछ भूमाफियाओं द्वारा मौरंग गिट्टी डालकर अतिक्रमण कर लिया था ग्राम प्रधान सुशील कुमार व ग्राम वासियों ने उप जिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी को प्रार्थना पत्र देकर मांग किया था ग्राम समाज की भूमि पर दंगल \ मेले का आयोजन दिनांक 27 सितंबर को होना सुनिश्चित हुआ है अतिक्रमण हटवाया जाय अतिक्रमण नहीं हटने पर दर्जनों व्यक्ति मंगलवार को तहसील आकर तहसीलदार नरेंद्र कुमार को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया तहसीलदार ने मामले का संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला को मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा नायब तहसीलदार राजस्व टीम पुलिस बल के साथ जेसीबी के द्वारा अतिक्रमण को हटवाय

दंगल मेले का आयोजन आज-
बुजुर्गों के जमाने से प्रतिवर्ष लगने वाले दंगल व मेले का आयोजन दिनांक 28 सितम्बर दिन बुधवार को होना सुनिश्चित हैं दिन में 11:00 बजे से 3:00 बजे तक आल्हा गायन उसके बाद दूर दूर व अन्य जनपदों से आ रहे पहलवानों के कुस्ती का आयोजन होगा इसकी जानकारी ग्राम प्रधान सुशील कुमार ने दी।

बरातशाला में दबंग ने कर लिया जबरन कब्जा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अन्तर्गत एक गाँव मे बरातशाला पर अवैध रूप से दबंग युवक ने कब्जा कर लिया जिसकी शिकायत उप जिला अधिकारी से की गई भगवंतनगर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बैरिहनखेडा मजरा साँझामऊ निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र दयाराम ने उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी को शिकायत पत्र देकर बताया कि गाँव के ही रामसागर पुत्र रामसनेही ने मय परिवार सहित अवैध रूप से बरातशाला में कब्जा कर लिया है। इस बरातशाला मे रामसागर करीब एक वर्ष से कब्जा किये है जिसके कारण गाँव के सार्वजनिक कार्य बाधित हो रहे है। शादी -विवाह के अवसर पर उक्त ब्यक्ति गाली-गलौज व मारपीट पर आमादा हो जाता है। उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने बताया शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है ,जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

चिंतन

भारत को रखनी होगी चीन की हरकतों पर पैनी निगाह

चीन अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा। वो रह-रहकर भारत को परेशान करने के लिए कोई न कोई करतूत करता रहता है। पहले कुछ खिलाड़ियों को स्पेशल वीजा जारी करने के बाद अब उसने अरुणाचल प्रदेश के तीन वुशू खिलाड़ियों के 19वें एशियन गेम्स में हिस्सा लेने के लिए देश में एंट्री पर रोक लगा दी है। तीनों खिलाड़ियों के नाम न्येमान वांग्सू, ओनिलु तेगा और मेपुंग लाम्गु हैं। एशियन गेम्स 2023 की इवेंट कमेटी ने इन्हें खेल में भाग लेने के लिए मंजूरी दे दी थी। दो एथलीट अपने एक्रेडेशन कार्ड डाउनलोड नहीं कर पाए, जो चीन में एंट्री के लिए वीजा के रूप में काम करता। तीसरे एथलीट को एक्रेडेशन कार्ड मिल गया था। बाद में चीन की ओर से बताया गया कि उसे हॉन्गकॉन्ग से आगे यात्रा करने की अनुमति नहीं है। एशियन गेम्स में वुशू इवेंट 24 सितंबर से शुरू हो रहा है। तीनों खिलाड़ियों को 24 सितंबर तक हांगझोऊ में रहना था, लेकिन वीजा में देरी होने की वजह से उन्हें एशियन गेम्स से बाहर होना पड़ा। वुशू टीम के बाकी प्लेयर चीन के लिए रवाना हो गए हैं। भारत ने चीन के इस कदम का विरोध किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिकों के प्रति चीन के भेदभावपूर्ण व्यवहार को हम खारिज करते हैं। चीन की कार्रवाई एशियन गेम्स की भावना, इवेंट के नियमों का उल्लंघन है। उधर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियन गेम्स में शामिल होने के लिए अपना चीन दौरा रद कर दिया है। यह पहली बार नहीं है कि चीन ने ऐसी हरकत की हो, वो रह-रहकर ऐसा करता रहता है। उसका हरसंभव प्रयास होता है कि किसी तरह से भारत को टेंशन में रखा जाए। इससे पहले उसने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। ऐसा पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया था। इससे पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदल दिए थे। भारत में आयोजित जी-20 के बाद से तो वो और भी तिलमिलाया हुआ है। इस सम्मेलन में इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर बनाने की घोषणा की गई। भारत, यूएई, सऊदी अरब, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय यूनियन सहित कुल 8 देशों के इस प्रोजेक्ट का फायदा इजराइल और जॉर्डन को भी मिलेगा। मुंबई से शुरू होने वाला यह नया कॉरिडोर चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का विकल्प होगा। यह कॉरिडोर 6 हजार किमी लंबा होगा। इसमें 3500 किमी समुद्री मार्ग शामिल है। कॉरिडोर के बनने के बाद भारत से यूरोप तक सामान पहुंचाने में करीब 40 फीसदी समय की बचत होगी। अभी भारत से किसी भी कार्गो को शिपिंग से जर्मनी पहुंचने में 36 दिन लगते हैं, इस रूट से 14 दिन की बचत होगी। यूरोप तक सीधी पहुंच से भारत के लिए आयात-निर्यात आसान और सस्ता होगा। चीन को लग रहा है कि अगर इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर बन गया तो उसकी अर्थव्यवस्था पर यह कड़ी चोट होगी और भारत के उत्पादों की सीधी पहुंच दुनिया तक हो जाएगी। असल में चीन की अर्थव्यवस्था उसके सस्ते उत्पादों पर टिकी है, जिससे उसने दुनियाभर के बाजारों को भर दिया है। ऐसा भी आरोप लगता रहता है कि उत्पादों के सहारे चीन का जासूसी नेटवर्क दुनिया में इतना फैल चुका है कि वह ब्रिटेन जैसे देशों के करोड़ों लोगों की निजी जानकारियां चुटकी में हासिल कर सकता है। इसके लिए उसने जासूस नहीं रखे हैं बल्कि फ्रिज, लैपटॉप, मोबाइल फोन या मिक्सर-ग्राइंडर जैसा घरेलू सामान ही काफी हैं। इससे दुनिया में भय का माहौल है। ऐसे में अगर भारत का सामान असानी से दुनियाभर में पहुंचता है तो चीन को धक्का लगना तय है। वैसे भी ब्रिटिश समेत कई देशों की सरकार चीनी के प्रति अपने नागरिकों को चेतावनी कर चुकी है। ऐसे में ड्रैगन का बौखलाना स्वाभाविक है। भारत को उसकी हरकतों पर पैनी निगाह रखनी होगी।

सारा संसार

कनिपकम विनायक मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुपति से लगभग 75 किलोमीटर दूरी पर स्थित भारत के प्राचीन गणेश मंदिर में से एक है, जो अपनी ऐतिहासिक संरचना और आंतरिक डिजाइन के लिए जाना जाता है। देश के विभिन्न हिस्सों से उपासक भगवान गणेश की पूजा करने के लिए कनिपकम विनायक मंदिर जाते हैं, जिनकी मूर्ति के माथे पर तीन रंग हैं, सफेद, पीला और लाल।

जयंती

कृष्ण प्रताप सिंह

देश की आन के कवि थे दिनकर

बिहार के सिमरिया गांव में 1908 में 23 सितम्बर को एक भूमिहार परिवार में माता मनरूपा देवी की कोख से जन्मे और 24 अप्रैल, 1974 को मद्रास में इस संसार को अलविदा कह गये रामधारी सिंह 'दिनकर' आम तौर पर अपनी राष्ट्रीयता प्रधान और वीर रस से ओतप्रोत कविताओं के लिए जाने जाते हैं। साफ कहें तो अपने वक्त में उन्हें जो कोई भी उन्हें अपनी धारणाओं के प्रतिकूल लगा, उसकी आलोचना में या उसे खरी-खरी सुनाने में उन्होंने कुछ भी उठा नहीं रखा। 1962 के युद्ध में चीन से पराजय के बाद उन्होंने अपनी पार्टी कांग्रेस और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को उसका जिम्मेदार माना तो उन्हें भी नहीं ही बख्शा, लेकिन उनकी साहित्य सेवा को दूसरे पहलू से देखें तो वे हमें 'उर्वशी' जैसी प्रेम व सौन्दर्य की अद्भुत अनुभूतियों से भरी कृति भी दे गए हैं, जिसमें उनके द्वारा की गई कोमल श्रृंगारिक भावनाओं की अभिव्यक्तियां इस बात की घोषणा करती लगती हैं कि वे अपने कवि विवेक की सीमा निर्धारित करने वाले किसी भी खांचे में फिट नहीं बैठते। यह और बात है कि फिर भी वह उनके 'राष्ट्रकवि' होने के साइड-इफेक्ट झेलने को अभिशप्त है। उनके प्रारंभिक जीवन पर जाएं तो अभी वे दो तीन साल के ही थे कि उनके सिर से उनके पिता रवि सिंह का साया उठ गया। इस कारण तमाम कठिनाइयों के बीच जैसे-तैसे मैट्रिक तक की शिक्षा पूरी कर आगे की पढ़ाई के लिए वे 1928 में पटना आये। वहां 1932 में बीए करने के बाद उन्हें एक स्कूल में प्रधानाध्यापक पद पर नियुक्ति मिल गई, लेकिन दो साल बाद 1934 में बिहार सरकार के अधीन सब रजिस्ट्रार पद पर चयन के बाद उन्होंने वह नौकरी छोड़ दी। उन्हें उम्मीद थी कि सब रजिस्ट्रार बन जाने के बाद उनके जीवन में समतल आयेगा और आर्थिक चिन्ताओं से मुक्त होकर वे निर्विघ्न साहित्य सृजन कर सकेंगे। लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। उनका पहला कविता संग्रह 'बारदोली विजय संदेश' उनके सब रजिस्ट्रार बनने से पहले ही प्रकाशित हो चुका था। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी कह गये हैं कि वे हिन्दी तो हिन्दी अहिन्दीभाषियों में भी अपने समय के सबसे लोकप्रिय हिंदी कवि थे। 1959 में उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया तो 'संस्कृति के चार अध्याय' के लिए इसी साल उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिला। 1972 में उन्हें 'उर्वशी' के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया। 1947 में स्वतंत्रता के बाद वे प्रचार विभाग के उपनिदेशक, फिर मुजफ्फरपुर कालेज में हिन्दी विभाग के अध्यक्ष बने। 1952 में उन्हें राज्यसभा के सदस्य चुने गये और 123 बरसों तक रहे।

उपेक्षित विवेकानन्द? व्हाट्सएपित विवेकानन्द!

जिरहनामा
कनक तिवारी

> विवेकानन्द विज्ञान समर्थक थे। वे देश के पहले नागरिक हैं जिन्होंने यूरोप और अमेरिका से भी सीखने की सलाह दी। वे गौतम बुद्ध के बाद भारत के दूसरे सांस्कृतिक व्यक्ति हैं जिन्होंने देश के बाहर साढ़े तीन साल प्रवास किया। उनका ज़्यादा लेखन अंगरेजी भाषा में है और बांग्ला में भी। उन्होंने नौजवानों को एक साथ फुटबाल खेलने और आध्यात्मिक शिक्षा लेने की बात कही थी। वे कतई धार्मिक आदमी नहीं बनना चाहते थे। शुरू में विवेकानन्द क्रांतिकारी बनना चाहते थे और अमेरिका के शस्त्र व्यापारी हेराम मॅक्सिम से शस्त्र खरीदने की कोशिश की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मौजूदा वर्ष को लगातार अमृतकाल प्रचारित करने से इतिहास की परतें खोलने का मन हो रहा है। देश को आज़ादी 1947 में मिली और हमारा संविधान 1950 में बना। 1885 में जन्मी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस शुरू से ही आज़ादी के लिए जद्दोजहद करने वाली पार्टी के रूप में पैदा नहीं हुई थी। किसी पहाड़ी नदी के मैदानी नदी में तब्दील होने के विकास में मानवीय सभ्यता उसके साथ साथ विकसित होती है। ऐसा ही हाल कांग्रेस का बंगाल के विभाजन के वक्त से बहुत तेजी से हुआ। तब उसके कालजयी नेता तिलक ने पार्टी की बागडोर संभाली। तिलक अपने से सात वर्ष छोटे विवेकानन्द से गहरी दोस्ती में थे। विवेकानन्द ने उनसे कहा था कि हम दोनों अपनी अपनी भूमिका की अदली बदली कर लें, तो मुझे महाराष्ट्र जाकर भी तसल्ली मिलेगी। कांग्रेस पार्टी की गतिविधियों में विवेकानन्द को गहरी दिलचस्पी रही है। उनके छोटे भाई महेन्द्रनाथ दत्त उनसे लंदन में मिले थे। उनसे विवेकानन्द ने कहा था कि इस पार्टी के लक्षण तो ठीक हैं लेकिन प्रस्ताव पारित करने और भीख मांगने से आज़ादी नहीं मिलती। जाओ ऐलान कर दो कि भारत आज़ाद हो गया है। यह मूल प्रेरणा थी जिसे तिलक ने स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है के नारे में मंत्रबद्ध कर दिया था। महेन्द्रनाथ और छोटे भाई भूपेन्द्र नाथ दोनों अपने बड़े भाई की भावना समझकर कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रहे। विवेकानन्द के राजनीतिक विचार इतने प्रखर थे कि उन्होंने खुद लिखा है कि यदि मेरे सभी विचार फिरंगियों के पास पहुंच जाएं तो वे मुझे जेल में डाल देंगे, बल्कि मेरी जान ले सकते हैं। अचरज है आज कांग्रेस पार्टी के जलसों और मंचों से विवेकानन्द के कालजयी राजनीतिक विचारों का कुछ लेना देना नहीं बचा है।

आज की हिन्दुत्व समर्थक भारतीय जनता पार्टी की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिन्दू महासभा जैसी संस्थाएं बीसवीं सदी के दूसरे दशक में पैदा हुईं। उसके बीस वर्ष पहले विवेकानन्द दुनिया से चले गए थे। उनके जेहन में हिन्दुत्व समर्थक कोई विचार नहीं रहा था, लेकिन विवेकानन्द के विचारों को हिन्दुत्व कहने का सिलसिला चल रहा है। विवेकानन्द ने कभी नहीं कहा कि गर्व से कहो मैं हिन्दू हूं। 11 सितम्बर 1893 को शिकागो धर्म सम्मेलन में विवेकानन्द के जिस पहले वाक्य पर तालियां बजती रहीं, उसमें यह कहा गया कि मैं उस देश का निवासी होने में गौरव अनुभव करता हूं जिसकी भाषा संस्कृत में बहिष्कार नाम का कोई शब्द नहीं होता। भारत के राजनेता आज सेक्युलरिज्म के सिद्धांतों को एकांगी बनाकर यही समझाते हैं कि हर एक मजहब को अपनी अलग अलग आजादी चाहिए। कोई दूसरा उसमें हस्तक्षेप न करे। इसके बरक्स विवेकानन्द ने कहा था कि हम अपने धर्म के साथ साथ दूसरे मजहबों को भी उतना ही स्वीकार करें। तब तो सेक्युलरिज्म का कोई मतलब होगा। एक दूसरे से तटस्थता और अलगाव या एक दूसरे का स्वीकार दोनों अलग अलग नजरिया है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों की समझ के बाहर विवेकानन्द का लोकयश आज भी अपनी सही पहचान और मूल्यांकन मांग रहा है। पहले कभी कांग्रेस के मुख्यालय ने विवेकानन्द के ऊपर एक पुस्तिका जारी

की थी। पता नहीं कितने कांग्रेसियों को यह बात मालूम है। भारतीय जनता पार्टी और जमावड़े ने बार बार विवेकानन्द को भगवाधारी हिन्दू के रूप में प्रचारित करने की राजनीतिक पहल जारी रखी है। आज के राजनीतिक संदर्भ में विवेकानन्द जितने मुखर और प्रखर होकर समझे जाने चाहिए। नेताओं के करम के कारण इतिहास में उसकी लाचार स्थिति है। विवेकानन्द फाउन्डेशन के फाउन्डेशन में विवेकानन्द कहां हैं?

विवेकानन्द विज्ञान समर्थक थे। वे देश के पहले नागरिक हैं जिन्होंने यूरोप और अमेरिका से भी सीखने की सलाह दी। वे गौतम बुद्ध के बाद भारत के दूसरे सांस्कृतिक व्यक्ति हैं जिन्होंने देश के बाहर साढ़े तीन साल प्रवास किया। उनका ज़्यादा लेखन अंगरेजी भाषा में है और बांग्ला में भी। उन्होंने नौजवानों को एक साथ फुटबाल खेलने और आध्यात्मिक शिक्षा लेने की बात कही थी। वे कतई धार्मिक आदमी नहीं बनना चाहते थे। शुरू में विवेकानन्द क्रांतिकारी बनना चाहते थे और अमेरिका के शस्त्र व्यापारी हेराम मॅक्सिम से शस्त्र खरीदने की कोशिश की। राजे रजवाड़ों और व्यापारियों द्वारा उनकी आर्थिक मदद नहीं करने से वे बाद में धर्म और संस्कृति के इलाके में एक क्रांतिदूत बनकर छा गए। अंगरेज विवेकानन्द-साहित्य को प्रतिबंधित करते और उसे जब्त करते रहते थे। यह विवेकानन्द ने कहा था समाज के हर क्षेत्र में स्त्रियों का अनुपात पुरुषों के मुकाबले बराबरी का होना चाहिए। आज भारत की सभी राजनीतिक पार्टियां विधायिकाओं में एक तिहाई स्थान महिला सदस्यों के लिए आरक्षित करने के मामले में भी कोताही और आनाकानी कर रही हैं। विवेकानन्द ने कहा था कि हम किसी दूसरे धर्म के पूजागृहों को नहीं तोड़ते बल्कि टूट जाने पर उन्हें बनवा देते हैं। अगर वे होते तो बाबरी मस्जिद नहीं टूटती! विवेकानन्द ने जीवन में केवल एक भाषण हिन्दी में दिया था। छत्तीसगढ़ इस बात का गौरव ले सकता है कि अपनी किशोर अवस्था में लगभग दो वर्ष से ज्यादा रायपुर में रहने के कारण राष्ट्रभाषा हिन्दी विवेकानन्द ने छत्तीसगढ़ में ही सीखी होगी। मंत्रियों के विज्ञापन पर करोड़ों खर्च करने वाली छत्तीसगढ़ सरकार विवेकानन्द स्मृति में एक नामचीन अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान बना सकती थी लेकिन मामला सिफर है।

जिस तरह का कठोर और सॉफ्ट हिन्दुत्व भाजपा और कांग्रेस प्रचारित कर रही है, वह पूरी तौर पर विवेकानन्द के विचारों के खिलाफ है। मंदिर बनवाने की बात तो नहीं विवेकानन्द ने कहा था सारे देवी देवताओं की मूर्तियां हटाकर वहां हाड़ मांस के मनुष्य की प्रतिष्ठा कर दी जाए। उन्होंने कहा था इस्लाम ने दुनिया को भाईचारा सिखाया है। वे भारत के हिन्दू अमीरों को धिक्कारते थे और कहते थे कि तुम लोग देश के विनाश हो। समुद्र में डूब जाओ। हवा में विलीन हो जाओ। वे रहते तो देश को अमीरों के पास गिरवी रखना या बेचना मुमकिन नहीं हो पाता। उन्होंने तो सबसे अमीर उद्योगपति रॉकफेलर को अमेरिका में ही कहा था कि तुम्हारी दौलत देखकर मुझ पर कोई प्रभाव नहीं हुआ है। यदि इसका एक आनुपातिक हिस्सा गरीबों की सेवा में खर्च कर दो और शिक्षा का प्रसार करो। तब मुझसे मिलना। मिलने पर रॉकफेलर ने कहा कि मैंने आपके कहे के मुताबिक कर दिया है। आप मुझे शुक्रिया अदा करिए। तब विवेकानन्द ने कहा था। समाजसेवा का विचार तो मैंने तुमको दिया है। तुम मुझे धन्यवाद कहो। भारत की दौलत लूटने वाले अमीर विवेकानन्द की याद कैसे करेंगे? जबकि पूरी दौलत लूटकर बैंकों का दिवाला निकालकर वे सरकार की शह पर हजारों की संख्या में भारत छोड़कर भाग गए हैं। जो देश या कौम अपने कालजयी पुरखों की बातों को सुनती तक नहीं हैं। वह चुनाव लड़कर सरकारें भले बना ले लेकिन उसके रहने का अर्थ क्या है।

योग के सभी सूत्र सुदृढ़ मानव जीवन की आधारशिला हैं

संकलित
दर्शन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

बहरूपियों से हमेशा सतर्क एवं सावधान रहें

संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो *अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया।* और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद *राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया।* कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

अंतर्मन

आज की पाती

'एक देश एक चुनाव' क्यों जरूरी

25 जनवरी, वर्ष 1950 को स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र को स्थापित करने के लिए चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। जब से चुनाव आयोग की स्थापना हुई है और जो कोई भी निर्वाचन आयुक्त हुए, उनकी देखरेख में चुनाव प्रक्रिया में सुधार हुआ भी है। देश में हर समय चुनाव का मेला लगा रहने से आदर्श आचार संहिता के कारण नए विकास के काम रफ्तार नहीं पकड़ पाते, इससे राजनीतिक दलों के खर्च पर नियंत्रण तथा चुनाव में कालाधन खपाने जैसी समस्याओं पर भी लगाम नहीं लग पाता। सरकारी विभागों के कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त रहते हैं।

- संजीव वर्मा, पाटन

ट्रेंड

राहुल गांधी बताएं

असली बात तो ये है कि देश को 'अफसोस' है कि कांग्रेस ने 60 साल देश पर शासन किया। कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो ओबीसी और पिछड़े वर्गों के विकास का विरोध करती है। कांग्रेस शासन काल के और कितने अफसोस हैं? जब चर्चा चली है तो राहुल गांधी को बता ही देना चाहिए।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

अभी से लागू करो

जितनी आबादी, उतनी हिस्सेदारी-ये हमारे ओबीसी भाई-बहनों का हक है। जातिगत जनगणना के आंकड़े अभी जारी करो, नई जनगणना जाति के आधार पर करो। महिला आरक्षण को 10 साल बाद नहीं, अभी से लागू करो।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणी

भाजपा सांसद द्वारा बीएसपी सांसद दानिश अली के खिलाफ सदन में आपत्तिजनक टिप्पणी को हालांकि स्पीकर ने रिकार्ड से हटाकर उन्हें चेतावनी भी दी है, किन्तु पार्टी द्वारा उनके विरुद्ध अभी तक समुचित कार्रवाई नहीं करना दुखद दुर्भाग्यपूर्ण।

-मायावती, बसपा सुप्रीमो

बेहद शर्मनाक

पवित्र संसद का नया भवन, पवित्र सैंगोल, दोनों पक्षों के नेताओं के भावुक मर्यादावादी सम्बोधन व महिला आरक्षण बिल का सर्व-सम्मति से पास होना भी जिह्वा पर अंकुश न रखवा सका? बेहद शर्मनाक।

-कुमार विश्वास, कवि

करंट अफेयर

विश्व संस्कृति महोत्सव का आयोजन अगले सप्ताह

विश्व संस्कृति महोत्सव (डब्ल्यूसीएफ) में यहां अगले सप्ताह प्रतिष्ठित 'नेशनल मॉल' में दुनियाभर के 4,50,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। विश्व संस्कृति महोत्सव की रूपरेखा भारतीय आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने तैयार की थी। दुनिया के कई नेता डब्ल्यूसीएफ को संबोधित करेंगे जिसका आयोजन 'आर्ट ऑफ लिविंग' कर रहा है तथा इसे 'विश्व संस्कृति का ओलंपिक्स' बताया जा रहा है।

ऑफ बीट

हर कोई अपना काम मशीनों को नहीं सौंपना चाहता

स्वचालित उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं को अपने हाथ से कुछ मेहनत करने की आवश्यकता होती है - एक पारंपरिक वैक्यूम क्लीनर के बारे में सोचें जिसे अभी भी अपने हाथ से संचालित करने की आवश्यकता होती है। हालाँकि, स्वायत्त उत्पादों पर मनुष्यों को कोई मेहनत करने की आवश्यकता नहीं होती है। स्वायत्त उत्पादों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे मैन्युअल कार्यों के उदाहरणों में फर्श की सफाई (रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर), लॉन की घास काटना (रोबोटिक लॉन घास काटने की मशीन), और ड्राइविंग (स्व-ड्राइविंग कार) शामिल हैं। स्वायत्त उत्पाद उपभोक्ताओं को समय और श्रम की आवश्यकता वाले तमाम कार्यों से पूरी तरह से मुक्त करते हैं।

संक्षेप

मुंसिफ न्यायालय एवं एसडीएम के आदेशों पर भारी कैसरगंज पुलिस

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली

कैसरगंज बहराइच। योगी सरकार लगातार कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट से लेकर कोतवाली तक वर्चुअल मीटिंग कर पुलिस विभाग के अधिकारी से लेकर कोतवाल तक के पेंच कस रही है परंतु इन सब से परे कैसरगंज कोतवाली है जहां न तो मुंशिफ न्यायालय के आदेश और न ही उपजिलाधिकारी कैसरगंज के आदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाता है। ऐसे में पीड़ित जाए तो कहां जाए। यह पीड़ा कैसरगंज कोतवाली के भखरौली मुंगेशपुर (बिचपुरवा) निवासी ओम प्रकाश सिंह पुत्र राम सुमिरन सिंह जो उपजिलाधिकारी से लेकर कोतवाली का कई बार चक्कर काट चुके हैं परंतु न्यायालय द्वारा घर का एवं बरसाती पानी निकास प्रतिवादी द्वारा बंद करने को लेकर 5 सितंबर को जिलाधिकारी कैसरगंज को प्रार्थना पत्र देकर कोतवाल कैसरगंज को कार्रवाई करने का आदेश करवाया।जिसका पालन दिनांक 26 सितंबर 2023 तक सुनिश्चित नहीं किया जा सका है।ऐसे में यही प्रतीत होता है कि पुलिस का रवैया अपराध को कम करने का नहीं अपितु उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना कर अपराधों को बढ़ावा देना है।

सुलतानपुर में दो बाइकों की आमने सामने टक्कर

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई। तीन अन्य लोग भी हादसे में घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। घटना बल्दीराय थाना क्षेत्र के मुसाफिरखाना-पारा मार्ग पर इसौली पुल पर हुई है। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर बाद बल्दीराय थाना क्षेत्र के इसौली गांव के निवासी रबीउल्ला अपने बेटे समीर (5) को लेकर बाइक से लेकर दवा दिलाने मुसाफिरखाना जा रहा था। उसी समय मुसाफिरखाना की ओर से एक बाइक पर सवार तीन युवक पारा की ओर आ रहे थे। सामने से आ रही बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि रबीउल्ला की बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिता पुत्र बाइक से उछल कर सड़क पर करीब 20 मीटर दूर जा गिरे। सिर में अधिक चोट आने के कारण दोनों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम में भेजकर घायलों को इलाज के वास्ते अस्पताल भेजा है। एसओ बल्दीराय अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजकर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि हादसे का कारण युवकों का रील बनाना बना है। एक बाइक से मुसाफिरखाना की ओर से तीन युवक आ रहे थे जो चलती तेज रफ्तार बाइक पर ही रील बना रहे थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मनाया जायेगा स्वच्छता जागरूकता सप्ताह

दो अक्टूबर से होगा जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक/मुख्य न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अन्तर्गत महात्मा गांधी के जन्मदिवस 02 अक्टूबर के उपलक्ष्य में 02 से 08 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होने वाले स्वच्छता जागरूकता अभियान के सफल आयोजन हेतु जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुवेर्दी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शेषमणि, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विराट शिरोमणि, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, जिला सूचना अधिकारी जी.वी. सिद्दीकी, जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि उमेश कुमार पाण्डेय मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जनपद न्यायाधीश ने बताया कि 02 अक्टूबर को जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों को सम्मिलित करते हुये जनपद, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्वच्छता जागरूकता अभियान शीर्षक के अधीन प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा इसके अलावा समस्त विद्यालयों में निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। जनपद न्यायाधीश श्री चतुवेर्दी ने बताया कि समस्त विद्यालयों द्वारा अपने-अपने विद्यालय की 3-3 उत्कृष्ट निबन्ध एवं चित्रकला प्रविष्टियों को 05 अक्टूबर 2023 तक सम्बन्धित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्राप्त कराई जायेगी। विद्यालयों से प्राप्त प्रविष्टियों में से निर्वाचक मण्डल द्वारा निबन्ध एवं चित्रकला प्रविष्टियों में से उत्कृष्ट प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रविष्टियों को चयनित व पुरस्कृत किया जायेगा। जनपद न्यायाधीश ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समितियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने कार्यालयों एवं समीपवर्ती परिसर में साफ सफाई के लिए गहन स्वच्छता कार्य सम्पादित कराएं।

बैठक में मौजूद जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि मा. उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार स्वच्छता जागरूकता अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। डीएम ने जिला सूचना अधिकारी को निर्देश दिया कि अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। बैठक के अन्त में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि द्वारा आभार ज्ञापित किया गया।

वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के अवसर पर हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के अवसर पर यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा बहराइच के कैसरगंज सरकारी अस्पताल में फार्मासिस्ट डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें इस वर्ष की थीम फार्मासिस्ट स्वास्थ्य प्राणियों को मजबूत कर रहा है इस यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा समाज में फार्मासिस्ट के प्रति जागरूकता व मेडिकल हेल्थ चेकअप विभिन्न अस्पतालों में फल वितरण कार्यक्रम, युवा प्राइवेट अस्पतालों में फार्मासिस्ट के प्रति जागरूकता कार्यक्रम जिसमें नुक्कड़ नाटक या पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया जिसमें जिले के औषधि निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित हुए। विशिष्ट अतिथि सीएचसी अधीक्षक एन.के सिंह व चीफ फार्मेसिस्ट ओमकार नाथ मौर्य रहे। अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया। एस. आर. मैरज हाल में कार्यक्रम की गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें फार्मासिस्ट के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और सरकार द्वारा फामेर्सी संवर्ग के उत्थान के लिए भविष्य के प्रोग्राम तय किए गये। संगठन द्वारा पिछले माह में पीपीआर -2015 (फार्मासिस्ट प्रैक्टिस रेगुलेशन) के लिए लगभग 5 हजार लेटर स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को भेजे गए। जिस पर कार्यवाही की जा रही है, सभी पत्र डीजी हेल्थ स्वास्थ्य विभाग को भेजे गए हैं जल्दी इसका फैसला होने वाला है। संगठन द्वारा 26 सितंबर से आने वाली 5 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में नियुक्ति के लिए 10 दिवसीय कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमें सरकार को उत्तर प्रदेश के ढाई लाख फार्मासिस्ट भाई बंधु द्वारा पत्र और सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार को बात पहुंचाई जाएगी। जिससे उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं सही हो और रोजगार का फार्मासिस्ट भाइयों को अवसर प्राप्त हो। इस बैठक में प्रभारी मो0 अनस जिलाध्यक्ष नवीन सिंह, उपाध्यक्ष सरफराज अहमद, जिलाध्यक्ष आईटी अस्मित रस्तोगी, परमेश वर्मा, अशोक वर्मा, सैय्यद हुसैन, विश्वनाथ यादव, जीवन, नीतीश वर्मा, के साथ सैकड़ो की संख्या में फार्मेसिस्ट उपस्थित रहे वहीं दूसरी ओर दर्जनों की संख्या में नए पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए सदस्यता भी लिया।

दिवंगत हाकर जगन्नाथ वर्मा को दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। पिछले पांच दशक से विभिन्न समाचार पत्रों को रूपईडीहा से नेपालगंज तक डोर टू डोर पहुंचाने वाले 76 वर्षीय हाकर जगन्नाथ वर्मा के निधन पर सोमवार को रुपईडीहा प्राइवेट बस स्टैंड स्थित पत्रकार शकील अहमद के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों द्वारा श्रद्धांजलि सह शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ छायाकार शेर सिंह कसौधन व संचालन सिद्धनाथ गुप्ता ने किया। वरिष्ठ छायाकार संजय वर्मा ने बताया कि वर्मा जी बहुत ही सज्जन और सरल स्वभाव के थे उनकी कमी हम लोगो को खलेगी। उनके निधन पर पाठकों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है। मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने स्व. जगन्नाथ वर्मा के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा को संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पत्रकार संजय वर्मा, संजय गुप्ता, अमित मदेशिया, मोहम्मद कौशर, बनारस गिरी, अनिल वर्मा, भीमसेन मिश्रा, शकील अहमद, शेर सिंह कसौधन, रईस अहमद, धीरेंद्र शर्मा, रजा इमाम रिजवी, सिद्धनाथ गुप्ता, एम अरशद, अंकित अग्रवाल, मोहम्मद सलीम, महबूब अहमद, इरशाद हुसैन, श्याम कुमार मिश्रा, संतोष शुक्ला आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें अभिभावकः बीईओ अजीत सिंह

निपुण भारत मिशन लक्ष्य के तहत शिक्षा चौपाल का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों तथा उनके अभिभावकों को जागृत कर दैनिक विद्यालय भेजने के प्रयास किया जा रहे हैं। निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने व जन समुदाय की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश से मिहींपुरवा विकासखण्ड के रामनगर कंडा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। शिक्षा चौपाल में खण्ड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में एआरपी अंशुल कुमार द्वारा निपुण भारत के लक्ष्य उद्देश्य तथा विभिन्न शैक्षिक योजनाओं व प्रयासों को विस्तार से लोगों को बताया। चौपाल में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य व अभिभावक मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने मौजूद लोगों को विद्यालयों के बदलते स्वरुप से परिचित कराते हुए अभिभावको से बच्चों को नियमित रुप से विद्यालय भेजने व अपने बच्चों की प्रगति की नियमित जांच हेतु विभिन्न मोबाइल एप्लीकेशन जैसे निपुण लक्ष्य ऐप, दीक्षा ऐप का प्रयोग करने के लिए अभिप्रेरित किया गया। एआरपी अंशुल कुमार द्वारा शिक्षा के महत्व एवं छात्रों की कक्षा स्तर की दक्षता को हासिल करने में अभिभावकों को सहयोग की अपील की। चौपाल में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार, शिक्षक बलवन्त यादव, सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दिव्यांग बच्चो के अभिभावको की प्रथम चरण की काउन्सिलिंग सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज बी आर सी कुण्डासर मे समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों मे अध्यनरत 6 -14 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चो के अभिभावको की काउंसलिंग खण्ड शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र बहादुर चौधरी की अध्यक्षता मे कराया गया। उन्होने अपने संबोधन मे कहा दिव्यांगता अभिशाप नही है आप सब अपने बच्चो से सौहार्द पूर्ण व्यवहार रखे और अपने बच्चो को समाज की मुख्यधारा मे जोडने के लिए विघालय जरूर भेजे।काउंसलिंग कार्यक्रम मे रिसोर्स पर्सन रमेश गुप्ता ने अभिभावको के हौसले को बुलन्द रखते हुए कहा कि मै स्वंय दिव्याग होते हुए भी सरकारी सेवा मे हू आप सब अपने बच्चो के प्रति कोई नकारात्मक भाव न रखे। स्पेशल एजुकेटर गौरीशंकर सिह व अभिमन्यु सिह ने चिन्हान्कन नामाकन के बारे मे जानकारी दी। स्पेशल एजुकेटर विनोद कुमार यादव द्वारा दिव्यांग बच्चो को मिलने वाली सुविधाओ व सहायक उपकरण और सरकारी नौकरियो मे मिलने वाला आरक्षण आदि के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित सभी अभिभावको ने एक स्वर मे अपने दिव्यांग बच्चो को स्कूल भेजने व आगे की पढाई जारी रखने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यक्रम मे राहुल गुप्ता, अनिल सिह, पवन गुप्ता, राम प्रसाद राव, शिशुपाल, अजय कुमार मौर्य, अभिषेक वर्मा प्रजायत्न के ब्लाक समन्वयक उदित कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर निकाली गई रैली

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बहराइच मेडिकल कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एम एम त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली हॉस्पिटल चौराहा होकर पानी टंकी होते हुए मेडिकल कालेज पहुंची। मुख्य अतिथि डॉक्टर सतीश कुमार सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच, विशिष्ठ अतिथि डॉक्टर प्रो संजय खत्री प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज बहराइच व जिला औषधि निरीक्षक के के यादव दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यकर्म का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सुमुख शरण पाठक जिला अध्यक्ष डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, मंत्री प्रेम प्रकाश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश्वरी पांडे, जिला उपाध्यक्ष प्रेम तिवारी, जिला अध्यक्ष सबलू कुमार गौतम उपाध्यक्ष स्वाति तिवारी, जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा जिला अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा, प्रभारी अधिकारी फामेर्सी जी सी सोनकर, आडीटर अर्जुन सिंह, मो अनवर, डा एस पी सिंह, परवेज अहमद, शमीम अहमद, विवेक सिंह, अवधेश प्रजापति, आदि फार्मासिस्ट मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डीपीए के कोषाध्यक्ष ए रहमान और अमित श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान जिले के लगभग 400 रजिस्टर्ड फार्मेसिस्टों ने कार्यक्रम मे भाग लिया और संगोष्ठी को सफल बनाया। संगोष्ठी में फार्मासिस्टों द्वारा स्वास्थ्य प्रणाली, और दवाओं के सही प्रयोग और फार्मासिस्टो की उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा हुई।

अधिक उत्पादन देने वाली 15023 प्रजाति की बुवाई अधिक से अधिक करे किसान

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। जैसा की किसान जानते है की अधिक उत्पादन लेने के लिए गन्ना प्रजातियो की अहम् भूमिका रही है इसमें 15023 गन्ना प्रजाति किसानो के लिए वरदान साबित हो रही है, काफी किसानो के पास इस प्रजाति का बीज लगा हुआ है। गन्ना मोटा एवं गन्ने की बढ़वार काफी अच्छी है इसलिए इस प्रजाति की नर्सरी जरूर लगाए और अधिक से अधिक क्षेत्रफल में इसकी बुवाई भी करे। जिन किसानों के पास इस प्रजाति का बीज नहीं वह अपने सम्बंधित गन्ना अधिकारी से संपर्क करे और बीज का प्रबंध सुनिश्चित करें। बुवाई ट्रेंच एवं रिंग पिट से कर सकते है। जमाव अच्छा हो इसलिए बीज शोधन फफूंदी नाशक दवा थायोफिनेट मिथाइल से जरूर करे। भूमि शोधन ट्राइकोडर्मा से जैविक खाद में मिलाकर करे, बुवाई में 2 आँख को टुकड़ा ही बोये और लाइन से लाइन की दुरी ट्रेंच विधि में 4 फीट कम से कम हो। इससे प्रति एकड़ मात्र 20 कुंतल ही लगेगा। खेती अब एक व्यापार है ल इसलिए खेती को व्यापार मनाकर ही करे और प्रति एकड़ 500 कुंतल पैदावार लेना सभी किसान सुनिश्चित करे। खेती में वैज्ञानिक तरीके अपनाये जिससे गन्ना उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी होगी। और किसानों की आय में भारी इजाफा होगा। पारले गन्ना विभाग की टीम किसानों के बीच में लगातार कार्य आपके लिए कर रही है इसलिए इनसे मिलकर बीज, खाद, दवा का प्रबंध अभी से कर ले। बुवाई में ट्राइकोडर्मा आर्गेनिक पोटाश, जैविक खाद एवं अन्य बायो फर्टिलाइजर पर भारी छूट किसानो को पारले कंपनी द्वारा दी जा रही है। इसका भरपूर फायदा किसान उठाये और अधिक से अधिक क्षेत्रफल में शरदकालीन गन्ना लगाए। यह सभी बातें पारले कंपनी के एसोसिएट मुख्य गन्ना प्रबंधक संजीव राठी द्वारा किसानों की मीटिंग में बताया गया जो ग्राम -निवासी में थी काफी संख्या में किसान एवं अन्य अधिकारी गण सूबेदार, नागेंद्र , प्रवेश, दिलीप, सूर्य प्रताप मौजूद रहे।

अधिक उत्पादन देने वाली 15023 प्रजाति की बुवाई अधिक से अधिक करे किसान

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। जैसा की किसान जानते है की अधिक उत्पादन लेने के लिए गन्ना प्रजातियो की अहम् भूमिका रही है इसमें 15023 गन्ना प्रजाति किसानो के लिए वरदान साबित हो रही है, काफी किसानो के पास इस प्रजाति का बीज लगा हुआ है। गन्ना मोटा एवं गन्ने की बढ़वार काफी अच्छी है इसलिए इस प्रजाति की नर्सरी जरूर लगाए और अधिक से अधिक क्षेत्रफल में इसकी बुवाई भी करे। जिन किसानों के पास इस प्रजाति का बीज नहीं वह अपने सम्बंधित गन्ना अधिकारी से संपर्क करे और बीज का प्रबंध सुनिश्चित करें। बुवाई ट्रेंच एवं रिंग पिट से कर सकते है। जमाव अच्छा हो इसलिए बीज शोधन फफूंदी नाशक दवा थायोफिनेट मिथाइल से जरूर करे। भूमि शोधन ट्राइकोडर्मा से जैविक खाद में मिलाकर करे, बुवाई में 2 आँख को टुकड़ा ही बोये और लाइन से लाइन की दुरी ट्रेंच विधि में 4 फीट कम से कम हो। इससे प्रति एकड़ मात्र 20 कुंतल ही लगेगा। खेती अब एक व्यापार है ल इसलिए खेती को व्यापार मनाकर ही करे और प्रति एकड़ 500 कुंतल पैदावार लेना सभी किसान सुनिश्चित करे। खेती में वैज्ञानिक तरीके अपनाये जिससे गन्ना उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी होगी। और किसानों की आय में भारी इजाफा होगा। पारले गन्ना विभाग की टीम किसानों के बीच में लगातार कार्य आपके लिए कर रही है इसलिए इनसे मिलकर बीज, खाद, दवा का प्रबंध अभी से कर ले। बुवाई में ट्राइकोडर्मा आर्गेनिक पोटाश, जैविक खाद एवं अन्य बायो फर्टिलाइजर पर भारी छूट किसानो को पारले कंपनी द्वारा दी जा रही है। इसका भरपूर फायदा किसान उठाये और अधिक से अधिक क्षेत्रफल में शरदकालीन गन्ना लगाए।

छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता पखवाड़ा व इण्डियन स्वच्छता लीग के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में स्थित तारा इण्टर कालेज मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल के द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गयी व छात्राओ द्वारा आईएसएल 2.0 के अन्तर्गत मानव श्रंखला बनाई गयी। स्कूल में कराए गयी प्रतियोगिता में जिन छात्राओ ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है उनको सम्मलित किया गया व नगर पालिका परिषद के अधिकारियो व कर्मचारियो के साथ मिलकर स्वच्छता जागरूकता रैलो निकाली गई। जिसमें नागरिको के अनुरोध किया गया की वह कूड़े का पृथक्कीरण करें, साफ सफाई में सहयोग करे, खुले में शौच व मूत्र न करें। प्लास्टिक निर्मित प्रतिबंधित वस्तुओ का प्रयोग न करें। प्लास्टिक बैन अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्षा सुधा टेकड़ीवाल, अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह, गौतम मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अवनीश दूबे व सुरेश गोविंद, सफाई निरीक्षक, सतीश यादव, प्रतिमा श्रीवास्तव, स्वाती श्रीवास्तव, अनुराग शाही राजस्व निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारियो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान के तहत लोगों से रूबरू हुए विधायक

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान के तहत मंगलवार को पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने विकासखंड पयागपुर अंतर्गत कोडरी ताल गांव में चौपाल लगाकर लोगो से सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत संपर्क किया। भाजपा विधायक ने केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने का अनुरोध किया। उन्होंने लोगों से समस्याओं की भी जानकारी ली। जिसके तहत कार्यकर्ता अनुसूचित जाति के लोगो से जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना की चर्चा किया। और घर घर जाकर लोगो के साथ सेल्फी ली। सामाजिक समरसता भोज में शामिल होकर समाज मे एक साथ होने का संदेश दिया। इसी क्रम के विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने ग्राम कोडरी ताल में 27 लोगो को पीवीसी गोल्डेन कार्ड वितरित किया। वहीं अकरौरा में 29 से अधिक लोगो को गोल्डन कार्ड बांटा। उपस्थित लाभार्थियों को राशन कार्ड में 6 या उससे अधिक सदस्यों को अपने खुद बनाने के लिए एप भी डाउनलोड कराया। इस दौरान भाजपा नेता निशंक त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, मण्डल अध्यक्ष रामगोपाल शुक्ल सहित भाजपा कार्यकर्ता व तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

अम्बेडकरनगर मेडिकल कालेज में शुरू हुआ ट्रामा सेंटर

- 10 साल बाद शुरू हुआ 30 बेड का ट्रामा सेंटर, मरीजों को मिलेगी राहत

अमन लेखनी समाचार

अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर के राजकीय मेडिकल कालेज सद्दरपुर में शनिवार से 30 बेड का ट्रामा सेंटर शुरू हो गया। ट्रामा सेंटर का उद्घाटन मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. अमीरुल हसन ने किया। ट्रामा सेंटर चालू हो जाने से जिले के साथ ही आसपास के गम्भीर मरीजों को काफी राहत मिलेगी। राजकीय मेडिकल कालेज के शुरू होने के 10 साल बाद मेडिकल कालेज में ट्रामा सेंटर की शुरूआत हो गयी। शनिवार को मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. अमीरूल हसन ने फीता काटकर 30 बेड के ट्रामा सेंटर की शुरूआत किया। ट्रामा सेंटर शुरू हो जाने के बाद सड़क हादसों व गम्भीर रूप से घायल मरीजों को काफी राहत मिलेगी। ट्रामा सेंटर न होने से सड़क हादसों समेत विभिन्न प्रकार के आकस्मिक चिकित्सा से जुड़े मामलों में मरीजों का इलाज यहां नहीं हो पाता था।

जिससे घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर करने की विवशता बनी रहती थी। जिसे देखते हुए शासन ने राजकीय मेडिकल कालेज सद्दरपुर में ट्रामा सेंटर के स्थापना करवाया।

संक्षेप

हल्का लेखपाल पर मकान ध्वस्त कराने का लगाया आरोप

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत चाँदपार में नये पुलिस चौकी के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहित की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। वही एक दलित ने हल्का लेखपाल पर आवासीय भूमि पर बने मकान को ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त से शिकायत दर्ज कराई है। चाँदपार निवासी कैलास पुत्र अवधू ने मंडलायुक्त को दिये गए शिकायत में आरोप लगाया है कि चाँदपार में आराजी नम्बर 82 जो आवास के लिए आवंटित की गयी है। और उसमें मकान का निर्माण करा रखा है। वर्तमान समय मे पुलिस चौकी के लिए भूमि का अधिग्रहण कार्य चल रहा है। गावँ का हल्का लेखपाल ने जबरजस्ती मकान को ध्वस्त करा दिया है। जब कि बगल के एक व्यक्ति से धन उगाही कर उसे आशीर्वाद दिया है। पीड़ित ने मंडलायुक्त से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाया है।बीइस बाबत हल्का लेखपाल संजय वर्मा ने कहा कि जितना आवंटन किया गया है। उसमें मकान बना है किसी भी तरह का ध्वस्तीकरण नही किया गया है। शेष और सरकारी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया गया है। जिसे खाली कराया गया है।

रास्ते पर चला दिया दीवाल ग्रामीणों ने किया शिकायत

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पँचायत बैजलपुर में सरकारी रास्ते की भूमि पर मनबढो ने रास्ता रोक रखा है। जिसको लेकर जन अधिकार पार्टी के पूर्व प्रत्याशी दिलीप मौर्य के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया को शिकायत दर्ज कराया है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि घर के सामने से एक पुस्तैनी रास्ता जाता है। जिस रास्ते से गावँ के लोग आते जाते है। लेकिन गावँ के मनबढो ने रास्ते पर दीवाल चला कर रास्ते को रोक रखे है। जिससे ग्रामीण खेत के मेड से होकर गुजर रहे है। कोई अन्य रास्ता न होने से ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बाबत तहसीलदार राकेश कन्नौजिया ने कहा कि शिकायत मिली है। लेखपाल और कानूनगो को जांच करवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान देवेंद्र कुमार, दुर्गावती,रीमा,इंद्रावती मौजूद थी।

बाइक सवार ने चार पहिया गाड़ी में मारी टक्कर, हालत गंभीर

नशे की हालत में अधेड़ को प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने किया रिफर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढन्दा गांव के समीप एक अधेड़ युवक ने चार पहिया वाहन में बाइक से टक्कर मार दी जहां आसपास आवागमन कर रहे राहगीरों ने दौड़कर युवक को उठाया भीषण टक्कर लगने से युवक के सर में गंभीर चोट पहुंची आनन फानन पुलिस प्रशासन तथा एंबुलेंस को सूचना दी गई जहां मौके पर पहुंची चांदपुर प्रशासन ने युवक को नशे की हालत में पाया जानकारी लेने पर प्रशासन ने बताया युवक सुरेश चंद्र प्रजापति पुत्र महावीर निवासी गांव तारापुर मजरे बुढ़वां थाना जहानाबाद अपनी बहन की ससुराल भिखनीपुर से वापस जहानाबाद थाना क्षेत्र के अपने गांव तारापुर जा रहा था तत्काल प्रशासन ने युवक को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली भेजा जहां चिकित्सकों ने सर पर गहरी चोट देख प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया खबर लिखते समय तक अधेड़ की हालत गंभीर बताई जा रही है

टेलीकंसल्टेशन करने वाले चिकित्सकों को मिला सम्मान, ली गयी स्वच्छता की शपथ

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूती देने पर जोर

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जिले में टेलीकंसल्टेशन के जरिये बेहतर योगदान देने वाले दस चिकित्सकों को जिला स्वास्थ्य समिति ने विकास भवन सभागार में सोमवार को देर रात तक चली बैठक के दौरान सम्मानित किया ।इस मौके पर समिति के सभी सदस्यों ने स्वच्छता का व्यवहार अपना कर बीमारियों को दूर भगाने की शपथ भी लिया ।जिला विकास अधिकारी राज मणि वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया गया । साथ ही मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण व गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग का भी दिशा निर्देश दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला विकास अधिकारी ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य सेवा से जुड़े क्षेत्रों को चिन्हित करें जहां बेहतर परिणाम नहीं आ रहे हैं और इसके लिए संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाए ।परिणाम न आने के कारणों को पता लगाना चाहिए और अगर उदासीनता पाई जाती है तो कठोर कार्रवाई की जाए ।समुदाय स्तर से मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु की रिपोर्टिंग अवश्य हो और इसके कारणों को भी जाना जाए । निष्क्रिय आशाओं को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए ।जन्म पंजीकरण और मंत्रा एप पर पंजीकरण को प्राथमिकता दी जाए।प्रत्येक गर्भवती को चिकित्सक के सुझाव के अनुसार ई रुपये बाउचर की मदद से सरकारी प्रावधानों के तहत अल्ट्रासाउंड की सुविधा दिलाई जाए। उन्होंने 15 अगस्त तक जिले में सर्वाधिक 1256 टेलीकंसल्टेशन करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व का अनुकरण सभी को करना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि चिकित्सक डॉ आयुष कुमार पांडेय, डॉ प्रियंका गुप्ता, डॉ सतीश सिंह, डॉ हरिओम पांडेय, डॉ अनिता मिश्रा, डॉ अखलाक अहमद, डॉ राजश्री पासवान, डॉ शिवानंद मिश्रा, डॉ अमित गुप्ता और डॉ निकिता राव को सम्मानित किया गया ।

बैठक के दौरान संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक पखवाड़े के बारे में विस्तार से चर्चा हुई और जन जन तक यह संदेश पहुंचाने पर जोर दिया गया कि स्वच्छता का व्यवहार अपना कर संचारी रोगों को दूर भगाना है।किसी भी प्रकार का बुखार होने पर सरकारी अस्पताल में 108 एंबुलेंस की मदद से ही इलाज के लिए जाना है। यूनिसेफ के प्रतिनिधि संदीप श्रीवास्तव, डॉ हसन फहीम, बिजेंद्र चौबे, यूपीटीएसयू के प्रतिनिधि अरविंद और डब्ल्यूएचओ की प्रतिनिधि डॉ ज्योत्सना ने प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में फीडबैक दिया ।

जेई एईएस कंसल्टेंट सिद्धेश्वरी सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक पखवाड़े के दिशा निदेर्शों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेंद्र ठाकुर, अधीक्षक डॉ अम्बुज, एसीएमओ डॉ एके चौधरी, डॉ नंदलाल कुशवाहा, डॉ गणेश यादव, डीएमओ अंगद सिंह, डीसीएमओ डॉ अश्वनी, डीडीएचईआईओ सुनीता पटेल, डीपीएम पंकज आनंद, डीडीएम पवन, डैम पवन कुमार, डीसीपीएम रिपुंजय पांडेय, विजय श्रीवास्तव और आदिल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारीगण व उनके सहयोगी मौजूद रहे।

ब्लॉक स्तरीय हिंदी श्रुतिलेख तथा स्पेलिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। ब्लॉक स्तरीय हिंदी श्रुतिलेख तथा स्पेलिंग प्रतियोगिता बांसगांव ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड क्षिकाधिकारी बांसगांव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया,जिसमे न्याय पंचायत स्तर पर विजयी बच्चो को पुनः ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बुलाकर ब्लॉक स्तरीय श्रुतिलेख एवम स्पेलिंग प्रतियोगिता कराया गया। विजयी प्रतियोगियों को खंड शिक्षाधिकारी नारायण मिश्र एवम उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई बांसगांव के मंत्री संग्राम सिंह एवं शिक्षक नेता अमरेंद्र शाही ने पुरस्कार प्रदान किया । इस प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय बांसगांव की छात्रा कुमारी आस्था कक्षा चार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय कुचैटा आलोक कुमार ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। कंपोजित विद्यालय के प्राथमिक वर्ग में नीलाक्षी कंपोजीत भुसवल,उच्च प्राथमिक में आर एन प्रताप सैनी कंपोजित बांसगांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर अकाडेमिक रिसोर्स पर्सन राम कृष्ण मिश्र,रंजीत जायसवाल अमित कुमार सिंह,सुनील कुमार, वरिष्ठ शिक्षक चित्रसेन सिंह, श्रवण कुमार सिंह नवीन त्रिपाठी जयकार पांडे ,पवन सिंह, अजेश कुमार सिंह ,रत्नेश कुमार जायसवाल ,आलोक राय रवि श्रीवास्तव, महेंद शर्मा हरेंद्र सिंह, रंजीता पूजा पांडे, अर्शी आजमी ,अनूप सिंह ,नूर आलम ,सत्यधर पांडे,देवराजसिंह,आशुतोष शुक्ल आदि शिक्षक उपस्थित रहे। बीआरसी स्टॉप परितोष पाठक ,राजेश सिंह,अमित पांडेय,ईश्वर दयाल ,चंद्रकेश आदि उपस्थित रहे।शिक्षक नेता पंकज पाण्डेय ने सभी विजयी प्रतियोगियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अब इन विजयी बच्चों को जिले स्तर पर होने वाली श्रुतलेख तथा स्पेलिंग बी की प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा।

आईजीएल परिसर में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन एवं राज्य कर्मचारी बीमा निगम के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पदमा एवं विशिष्ट अतिति संजय मिश्रा रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने किया।ईएसआई के कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। बीमारियों के निदान के लिए एक सप्ताह की दवा वितरित की गया।इस दौरान डॉ पूनम सिंह, डॉ पद्मा राव, वेद प्रकाश, देवेश कुमार,फतेह अहमद, जयशंकर प्रसाद श्रीवास्तव,सुरेश सिंह, संत प्रसाद, शाहनवाज इत्यादि उपस्थित रहे।

भाषण प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सहजनवा, गोरखपुर में मंगलवार को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' एवं 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. तरन्नुम बानो द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया । तत्पश्चात मुख्य वक्ता डॉ. महंथ यादव ने लिंगानुपात विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'वर्तमान समय में अपने देश में पुरुष एवं महिलाओं के लिंगानुपात की स्थिति संतोषजनक नहीं है यदि इस स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो भविष्य में इसके अत्यंत ही भयावह परिणाम सामने आयेंगे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. तरन्नुम बानो ने लैंगिक विषमता विषय पर विस्तार से प्रकाश प्रक्षेपण करते हुए कहा कि किसी भी सभ्य समाज में लिंग के आधार पर भेदभाव करना सर्वथा असंगत एवं अन्यायपूर्ण है, लैंगिक समानता और सह अस्तित्व से ही राष्ट्र का विकास संभव है। भाषण प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा-

(1) आनंदी सिंह (बी.ए. पंचम सेमेस्टर)-प्रथम स्थान(2) नंदिनी सिंह (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर)-द्वितीय स्थान

(3) काजल (बीए तृतीय सेमेस्टर)- तृतीय स्थान

वाद विवाद प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा-

(1) आनंदी सिंह (बी.ए. पंचम सेमेस्टर)-प्रथम स्थान

(2) उपासना (बी.ए. पंचम सेमेस्टर)-द्वितीय स्थान

(3) अभिषेक ठाकुर (बी.काम. प्रथम सेमेस्टर)- तृतीय स्थान।

कार्यक्रम का संचालन मनीषा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रजनी गुप्ता के द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के डॉ. दीपक सोनी, डॉ. करुणेश त्रिपाठी, अमित गोयल, पवन कुमार, खुशबू उपाध्याय,गायत्री पाण्डेय, उपासना, सोनी, स्तुति, काजल, सोनिका सिंह, रोशनी गुप्ता, शहनाज परवीन, रघुवर पाल, मिथिलेश आदि उपस्थित रहे ।

न्याय चला जनता के द्वार के अंतर्गत 11 चकबंदी वादों का हुआ निस्तारण

सहजनवा तहसील के बुदहट ग्राम पंचायत में आयोजित हुआ चकबंदी अदालत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश द्वारा राजस्व एवं चकबंदी के वादों के निस्तारण में तेजी लाए जाने के लिए न्याय चला जनता के द्वार, नई पहल की गई है। इसके अंतर्गत ग्राम स्तर पर ही ग्राम अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्याय चला जनता के द्वार के अंतर्गत मंगलवार को तहसील क्षेत्र सहजनवा के ग्राम पंचायत बुदहट में विशेष ग्राम अदालत का आयोजन ग्राम प्रधान संजय शुक्ला एडवोकेट की अध्यक्षता अध्यक्षता में किया गया। अदालत में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी शशिकांत शुक्ला द्वारा 11 वाद, चकबंदी अधिकारी द्वारा 21 वाद,का निस्तारण किया गया।ग्राम अदालत में कुल एक दर्जन चकबंदी वादों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर राजनारायण त्रिपाठी उप संचालक चकबंदी, शशि कान्त शुक्ला बन्दोबस्त अधिकारी, साकेत कुमार त्रिपाठी चकबंदी अधिकारी, राकेश चंद्र त्रिपाठी ए सी ओ, संजय शुक्ला एडवोकेट ग्राम प्रधान, अरविन्द राम चकबंदी लेखपाल, अबिनाश राय सीओ लिपिक, विनोद चौबे ए सो सी लिपिक, रविचंद्र यादव एस ओ सी लिपिक , कौशल शुक्ला, राधेश्याम यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

अंगूठा लगाकर कोटेदार ने नही दिया राशन, शिकायत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत रामपुर गड़थौली के कोटेदार द्वारा गावँ के कार्ड धारकों का अंगूठा लगाकर राशन न देने पर ग्राम प्रधान ओम प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में करीब डेढ़ दर्जन ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सहजनवा कुवँर सचिन सिंह को ज्ञापन सौपा। और जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया को कोटेदार द्वारा हर माह ई पास मशीन से अंगूठा लगा लेने के बाद राशन के लिए दौड़ाया जाता। समय बीत जाने के बाद राशन भी नही दिया जाता है। वही जो लोग राशन का उठान करते है। उन्हें घटतौली का शिकार होना पड़ता है। अनियमितता की शिकायत कोटेदार से करने पर मारपीट फौजदारी पर उतारू हो जाता है।इस बाबत उपजिलाधिकारी कुवँर सचिन सिंह ने कहा कि शिकायत की जांच कराकर कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान मनोरमा,शैलेन्द्र,राम आशीष,रामनाथ,शुद्धिनाथ,मोनी,इंद्रावती,संगीता,राजकुमार,मीरा,सोनमती,बबूला,बीना,आकाश,रामवृक्ष,जय करन,संत गुलाईचा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

समूचे जनपद में जगह-जगह मनाया गया बुढ़वा मंगल

रामचरितमानस अखंड पाठ के साथ-साथ विशाल भंडारे के हुए आयोजन

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर।जनपद के सभी क्षेत्रों में बुढ़वा मंगल धूमधाम से मनाया गया सभी क्षेत्रों में स्थापित हनुमान जी के मंदिरों में महा भंडारा चला रहा जहां भक्तगणों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों ने भी पहुंच कर भगवान महावीर से आशीर्वाद प्राप्त किया जनपद के खागा धाता गाजीपुर असोथर मलवा ऐराया हसवा बहुआ देवमयी जहानाबाद बिंदकी समेत अमौली विकासखंड क्षेत्र में भी दर्जनों स्थानों पर भगवान पवनसुत के मंदिरों में बुढ़वा मंगल हरषोल्लास के साथ मनाया गया जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के रोटी चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने हनुमान जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर महाप्रसाद को ग्रहण किया वहीं क्षेत्र के सहिमलपुर गांव में शोभन सरकार की कृपा से निर्मित भगवान शिव के मंदिर पर विराजमान हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया वही मार्ग के किनारे स्टॉल लगाकर बुजुर्गों एवं बच्चों ने बूंदी शरबत पूड़ी सब्जी खीर इत्यादि का महाप्रसाद वितरित किया

बाबा बैजनाथ धाम में बरसी हनुमत कृपा

अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत विराजमान बाबा बैजनाथ धाम में सुंदरकांड समिति के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास जी कृत पावन ग्रंथ श्री रामचरितमानस के समापन के पश्चात भव्य श्रृंगार तथा वैदिक पूजन संपन्न हुआ प्रातः काल पूजन के पश्चात महा आरती में भारी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित हुए जहां आरती के पश्चात विशाल महा भंडारे का शुभारंभ किया गया देर रात्रि तक विशाल भंडारा चला रहा जिसमें सुंदरकांड समिति के पदाधिकारी अनिल कुमार ओमर रमेश चंद्र ओमर दिनेश चंद्र ओमर अशोक मिश्रा राजकिशोर ओमर पवन ओमर संजय ओमर शीतल प्रसाद शिवशंकर वर्मा रामदास बउवन बाजपेई जयकरन सचान मंझिलें शुक्ला शिवम शुभम पारस प्रमिला ओमर माला ओमर सुदामा अपूर्वा सौरभ गोविंद अग्निहोत्री समेत हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे वहीं कस्बे के सेंट्रल बैंक के समीप भी विशाल महा भंडारे का आयोजन किया गया जहां पहुंचे चौकी प्रभारी संदीप कुमार तिवारी ने वैदिक पूजन के पश्चात महाभण्डारे का शुभारंभ किया आयोजक समिति ने कार्यक्रम में पहुंचे चौकी प्रभारी के साथ-साथ निरंतर आम जनमानस को सुरक्षा प्रदान करने वाले सभी आरक्षियों एवं विशिष्ट बुजुर्गों को अंग वस्त्र बैच अलंकरण कर सम्मानित किया वहीं देर शाम तक आवागमन करने वाले हजारों भक्तगणों ने बुढ़वा मंगल पावन पर्व में महाप्रसाद को ग्रहण किया कार्यक्रम में उपस्थित भक्ति मां दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष रवि ओमर जगत नारायण त्रिवेदी प्रताप नारायण मिश्रा बजरंगी किराना स्टोर कल्लू चाय भंडार समेत सभी सदस्यों ने महा भंडारे को विशाल रूप में परिवर्तित किया कस्बे के बाबा बैजनाथ धाम में रात्रि कालीन बेला में सुंदरकांड समिति के तत्वावधान में विशाल जागरण का आयोजन किया गया जहां केवल कस्बे वासी ही नहीं अपितु हजारों की संख्या में पहुंचे क्षेत्र वासियों ने भगवान हनुमान जी महाराज के साथ-साथ अन्य झांकियां तथा शिव तांडव का अद्भुत दर्शन किया

जिलाधिकारी ने प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संपन्न की शिक्षा विभाग की बैठक

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद की जिलाधिकारी श्रुति शर्मा ने शिक्षा विभाग के मध्यान भोजन तथा निपुण भारत मिशन के साथ-साथ का ऑपरेशन कायाकल्प को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न की बैठक की अध्यक्षता कर रही जिला अधिकारी श्रुति शर्मा ने जनपद के सभी विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बचे हुए कार्य को तत्काल पूरा कराने का निर्देश दिया परिषदीय विद्यालयों को उत्कृष्ट ध्यान देते हुए जिलाधिकारी ने बालक व बालिका यूरिनल से समस्त परिषदीय विद्यालयों को सत प्रतिशत संतृप्त करने का निर्देश देते हुए उसकी रिपोर्ट आख्या मांगी बैठक के दौरान गोद लिए गए विद्यालयों के बारे में गहन चर्चा हुई जहां जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा की गोद लिए गए विद्यालयों में अगर किसी भी प्रकार की कमी पाई गई तो गोद लेने वाले अधिकारी के ऊपर कारवाई की जाएगी वही विद्यालयों की जर्जर इमारत भवन निर्माण आदि के कार्य के लिए कार्यकारी संस्था को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि यह सभी कार्य एक निश्चित समय पर गुणवत्ता पूर्वक मानक से संपन्न हो जाना चाहिए वही विद्यालय में बच्चों को मिलने वाला मध्यान भोजन तथा उच्च शिक्षा निपुण भारत मिशन पर शिक्षक गण विशेष ध्यान दें जिसके लिए मौके पर मौजूद सभी विभागीय अधिकारियों को प्रेरित किया गया इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी जिला कृषि अधिकारी डीसी मनरेगा एवं सभी खंड शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे

207 घंटे का स्वच्छता का अखंड अभियान शुरू

2 अक्टूबर तक दिन-रात होगी सफाई; एक शिफ्ट में लगेंगे 100 सफाई कर्मचारी

संवाददाता

बुलंदशहर, महात्मा गांधी आगामी 154वीं जयंती के मौके पर नगर निगम ने स्वच्छता का अखंड अभियान शुरू किया है। शनिवार को महापौर प्रमिला पांडेय ने 207 घंटे के महाअभियान का शुभारंभ जोनल कार्यालय-5 स्थित जागेश्वर अस्पताल से किया।शनिवार शाम 4 बजे अभियान शुरू हुआ, गांधी जयंती के मौके पर 2 अक्टूबर को इसका समापन सुबह 9 बजे नगर निगम मुख्यालय में होगा।इस अभियान को निकुंज एजुकेशन सोसाइटी बुलन्दशहर के 35 सदस्यीय टीम और नगर निगम कानपुर की टीम के सहयोग से शुरू किया गया है। अभियान के शुभारंभ के मौके पर महापौर ने कहा कि नगर निगम को ऐसी रणनीति बनानी चाहिए कि हर दिन स्वच्छता महाभियान निरन्तर चलता रहे, इसके लिए प्रत्येक जोन से हर वार्ड से छंटनी करते हुए लगभग 100-100 सफाई कर्मचारियों की एक टीम बनाई जाए, जो अपने जोन के हर वार्ड में सफाई महाभियान निरन्तर चलाती रहे। जो जोन स्वच्छता में प्रथम आएगा, उस जोन के सफाई कर्मचारियों के वेतने में बढ़ोत्तरी की जाएगी। जो जोन फिसड्डी होगा वहां सफाई कर्मियों का वेतन काटा जाएगा। अभियान के दौरान नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अजय संखवार और डा. अमित सिंह, वरिष्ठ पार्षद नवीन पंडित भी मौजूद रहे।

सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वालों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

खागा, फतेहपुर।जनपद के खागा कोतवाली गाजीपुर थाना क्षेत्र के चुरियानी गांव के निवासी प्रदीप सिंह चौहान के अचानक लापता हो जाने के पश्चात प्रशासन ने टीम बनाकर युवक की तलाश जारी की जिसकी प्रक्रिया अनवरत चल रही थी परंतु इसी बीच विगत रविवार की रात क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य मुन्ना सिंह के साथ ग्रामीण दीपू मोनू सिंह अभिषेक कछवाह समेत लगभग 50 लोग जिलाधिकारी आवास के सामने खड़े होकर नारेबाजी करते नजर आए अराजकता फैलने पर मुख्य मार्ग बाधित हो गया जिससे आवागमन करने वाले जनमानस को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा पुलिस प्रशासन ने काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया तो प्रशासन से भी झड़प करते हुए उक्त युवक झगड़े पर आमादा हो गए जिसे देखते हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में कोतवाल एस बी सिंह ने जिला पंचायत सदस्य समेत 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही प्रारंभ की ।

खास समाचार

कच्ची दीवार के नीचे दबकर युवक की मौत

मुसाफिरखाना, अमेठी ।कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हरदोईया गांव में सुबह कच्ची दीवार भरभरा कर गिर जाने से उसके नीचे दबकर मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की । मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह करीब सात बजे कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हरदोइया गांव में नन्हे लाल यादव के घर की कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई जिससे दीवार के नीचे दबकर उनके 30 वर्षीय अविवाहित पुत्र रामबली यादव की मौत हो गई ।सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने मय हमराही पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की ।

लेखपाल पर पैसे लेने का आरोप, गलत पैमाइश का भी आरोप

तिलोई, अमेठी। सिंहपुर क्षेत्र के चिलौली गांव निवासी दलित सत्रोहन ने क्षेत्रीय लेखपाल पर आरोप लगाया है की जमीन की पैमाइश के लिए पैसे भी ले लिए और जमीन कि गलत नाप कर दी। पीड़ित ने तहसील दिवस में उच्चाधिकारियों से अपनी फरियाद लगाई है। तहसील दिवस में दिए अपने शिकायती पत्र में पीड़ित ने लिखा है कि क्षेत्रीय लेखपाल वेद प्रकाश मिश्र ने पैमाइश के लिए 6 हजार रुपया भी ले लिए और जमीन नाप कर किसी अन्य को दे दी। पीड़ित ने संबंधित लेखपाल के ऊपर कार्यवाही किए जाने की उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है ।संबंधित लेखपाल ने आरोप को निराधार बताया है।

मुरादाबाद में किसान की वरासत दर्ज नहीं करने पर घूसखोर लेखपाल सस्पेंड

25 सितंबर को पीड़ित ने मुख्यमंत्री कार्यालय में की थी शिकायत

मुरादाबाद। किसान की वरासत दर्ज करने के लिए लेखपाल ने उससे दस हजार रुपए की रिश्वत मांगी। रिश्वत नहीं देने पर लेखपाल ने किसान को दो साल तक चक्कर लगवाए। वरासत दर्ज करने के लिए चार बार ऑनलाइन दिए गए प्रार्थना पत्र को लेखपाल ने रिश्वत के पूरे रुपए नहीं मिलने पर निरस्त कर दिया। 25 सितंबर को पीड़ित पक्ष किसान ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान लेने के बाद इस मामले में एसडीएम सदर ने जांच कराई। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर लेखपाल को सस्पेंड कर दिया गया है।

लेखपाल ने किसान से दस हजार रुपए घूस मांगे थे, दो हजार रुपये की रिश्वत लेने का आरोप

मुरादाबाद के चिड़िया टोला लाइन पार निवासी राकेश सैनी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि तहसील सदर की ग्राम शाहपुर तिगरी में उनके ताऊ रामचंदर की जमीन है। राजस्व अभिलेखों में उनका नाम दर्ज है। उनकी मृत्यु 29 सितंबर 2020 को हो गई थी। विरासत दर्ज कराने के लिए उनके तहेरे भाई भरत सिंह ने ऑनलाइन आवेदन किया था। भरत सिंह के सिर में गंभीर चोट है। इसलिए वह घर पर ही रहता है। वरासत दर्ज कराने के लिए लेखपाल सुनील कुमार शर्मा को सभी साक्ष्य उपलब्ध कराए थे। इसके बावजूद वरासत दर्ज नहीं की गई। लेखपाल सुनील शर्मा लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष भी है। लेखपाल ने वरासत दर्ज करने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की तो राकेश ने दो हजार रुपये दे दिए, लेकिन लेखपाल पूरे रुपये मांगने पर अड़ा रहा। राकेश ने बताया कि वरासत दर्ज कराने के लिए उनके भाई भरत सिंह सैनी ने 10 जुलाई 2021, 10 अक्टूबर 2021, तीन जून 2022, 16 जून 2023, 21 अगस्त 2023 को ऑनलाइन आवेदन किया। सभी साक्ष उपलब्ध कराने के बावजूद लेखपाल ने उसका आवेदन निरस्त कर दिया । दो साल तक लेखपाल चक्कर लगवाता रहा। इस तरह वरासत दर्ज करने के लिए ऑनलाइन पांच बार शिकायत की गई थी। इस मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेकर एसडीएम से जांच कराई। जांच के बाद आरोपी लेखपाल को दोषी पाए जाने पर सस्पेंड कर दिया गया।

ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का पुतला फूंका- मुकदमा दर्ज

– मामला संजय गांधी अस्पताल की बहाली को लेकर है

मुसाफिरखाना अमेठी ।संजय गांधी अस्पताल की बहाली को लेकर क्षेत्र के पूरे पहलवान गांव के चौराहे के पास दर्जनों ग्रामीणों ने अमेठी सांसद केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के विरोध में नारे लगाकर स्मृति ईरानी का पुतला फूंका कोतवाली पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए लगभग एक दर्जन नामजद सहित अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को क्षेत्र के पूरे पहलवान गांव के चौराहे पर दर्जनों

ग्रामीणों ने संजय गांधी अस्पताल की बहाली को लेकर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के विरोध में नारेबाजी करते हुए स्मृति ईरानी का पुतला फूंका मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस लगभग एक दर्जन नामजद व अज्ञात के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

समाजसेवी अभय प्रताप सिहं ने स्नातक एमएलसी का किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्नातक एमएलसी अवनीश कुमार सिंह का माल विकासखंड क्षेत्र में आगमन होने पर विशेष स्वागत हुआ। विकासखंड क्षेत्र के बच्चों को पौष्टिक आहार वितरण कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे एमएलसी सत्य साई अन्नपूर्णा ट्रस्ट द्वारा माल क्षेत्र के डेढ़ हजार बच्चों को एक वर्ष तक नियमित पौष्टिक आहार वितरण करने का संकल्प लिया गया है ।जिसमें 16 प्राथमिक विद्यालयों के डेढ़ हजार बच्चों को पौष्टिक आहार प्रतिदिन दिया जाएगा। जिसमें समाजसेवी अभय प्रताप सिहं द्वारा माल कस्बा में एमएलसी का फूल माला बनाकर जोरदार स्वागत किया ।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें संबंधित अधिकारी - प्रभारी मंत्री

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन/जनपद प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कर-करेत्तर की समीक्षा किया। जिसमें आबकारी, विद्युत, परिवहन, खनन, स्टाम्प, नगरीय निकाय विभाग द्वारा की गई वसूली की जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता विद्युत को अनावश्यक विद्युत भार बढ़ाने व बिल ज्यादा आने तथा विजिलेंस की टीम द्वारा गांव में जाकर फर्जी तरीके से जनता को परेशान करने की शिकायतों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने दैवीय आपदा के दौरान तत्काल पीड़ित परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराने को कहा। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण, गड्ढा मुक्ति, सिंचाई पंप की आपूर्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, एंबुलेंस, टीकाकरण की स्थिति, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति, हैंडपंप रिबोर, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों आंगनवाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह, उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल विकास, पोषण पखवाड़ा, दुग्ध विकास, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, ईज आफ डूइंग बिजनेस, बन्धुआ श्रमिकों का अवमुक्तिकरण, श्रमिक पंजीकरण, अधिष्ठापन पंजीकरण, श्रमिक दुर्घटना बीमा योजना, आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट के मामलों में गिरफ्तारी, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचना, गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया एवं पुलिस अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। अंत में प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागों को जो भी निर्देश दिए गए हैं उन्हें कड़ाई से लागू किया जाए। अगली बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने जनपद में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी ली एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, उन्होंने कहा कि बजट के अभाव में जो निर्माण कार्य रुके हुए हैं उनमें धन आवंटन के लिए शासन को जिलाधिकारी की ओर से पत्र भिजवाए जाएं। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को जनसामान्य के प्रति अपना आचरण व व्यवहार नम्र रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए एश्वर्य यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा रामप्रसाद मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ट्रेलर व ट्रक की जोरदार टक्कर में तीन की मौत, स्थानीय लोगो में मचा हड़कंप

जगदीशपुर, अमेठी।बीती रात तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर व ट्रक की आमने सामने टक्कर हो जाने से तीन लोगो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि आसपास के लोगो मे हडकंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को लेकर सीएचसी जगदीशपुर पहुंची जहां पंचनामा करने के बाद तीनो शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अयोध्या रायबरेली मार्ग पर स्थित थौरी गांव के निकट घटना उस वक्त घटी जब तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर व ट्रक आमने सामने टकरा गए यह टक्कर देखकर आसपास के लोग मदद के लिए दौडे परंतु बचाने का प्रयास असफल रहा घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद तीन लोगो को बाहर निकाला जो दम तोड चुके थे पुलिस ने तीनो शवों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले गई । जिनकी पहचान सुनील उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी जनपद बांदा,प्रदीप चौबे उम्र लगभग 46 वर्ष निवासी कुडवार जनपद सुल्तानपुर,मनोज कुमार मिश्रा उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर के रूप मे हुई ।पुलिस ने तीनो शव का पंचनामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु जिला भेज दिया ।इस संबंध में पुलिस ने बताया कि तीनो मृतको के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दोनो वाहनो को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई जारी है ।

बुढ़वा मंगलवार को सिद्ध पीठ चकाडोरी आश्रम में विशाल भन्डारे का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

ककरवई, गरौठा। बुढ़वा मंगलवार को ग्राम ककरवई के समीप स्थित प्राचीन सिद्धपीठ चकाडोरी आश्रम पर भक्तों की भारी भीड़ जमा रही। आश्रम पर एक दिन पूर्व से चलने वाले समस्त धार्मिक अनुष्ठानों का पूजन अर्चन करते हुए समापन किया गया। बुढ़वा मंगल के मौके पर आयोजित भंन्डारे में दोपहर से देर रात तक सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। जन? आस्था के केंद्र सिद्ध पीठ चकाडोरी आश्रम पर प्रतिवर्ष बुढ़वा मंगल सहित सभी प्रमुख अवसरों पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ जमा होती है। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ साथ प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को भी यहां अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने वाले भक्तों की चकाडोरी सरकार सभी बाधाओं को हरते हुए अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखते हैं। धार्मिक अनुष्ठानों में समस्त व्यवस्थाओं का संचालन महंत राकेशदास महाराज के संचालन एवं पुजारी बालकदास की देखरेख में संपन्न करवाए जाते हैं। आज प्रमुख रूप से राजीव गुप्ता, बद्री त्रिपाठी, सुरेश मिश्रा, महेशचंद्र विदुआ, अनिल तिवारी, घनाराम मिश्रा, पुरुषोत्तम पटेल, सीता शरण तिवारी, रोहित द्विवेदी, हेमंत यादव, रिंकू गुप्ता सहित अन्य क्षेत्रों से आए हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

भव्य बीडीसी सम्मेलन एवं प्रेस वार्ता का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

झाँसी।झाँसी जिले के ग्राम साकिन में प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के बैनर तले भव्य बीडीसी सम्मेलन एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला व विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के संस्थापक विजय दादा व नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष (बुंदेलखंड क्षेत्र) गुड्डी रानी पटेल रनयारा मौजूद रही। संघ के जिलाध्यक्ष आशीष गुर्जर द्वारा मंचासीन सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अधिकार दिलाने के लिए संघ निरंतर प्रयासरत है और जब तक उन्हे उनके अधिकार नहीं मिल जाते तब तक लगातार संघ का संघर्ष जारी रहेगा ।इसके बाद कार्यक्रम आयोजक जिलाध्यक्ष आशीष गुर्जर के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा की अन्य जनप्रतिनिधियों की तरह क्षेत्र पंचायत सदस्यों को ना तो मानदेय दिया जाता है और ना वित्तीय अधिकार जिससे वे अपने क्षेत्र का विकास कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार से हमारी मांग है की क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी मानदेय व विकास निधि दी जाये जिससे वे भी अपने क्षेत्र का विकास करा सके और उनकी राजनैतिक हत्या न हो। उन्होंने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से लखनऊ के ईको गार्डन में 6 अक्टूबर से होने बाले दो दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है ।प्रदेश अध्यक्ष गुड्डी रानी पटेल ने महिला जन प्रतिनिधियों को प्रेरित करते हुए कहा की महिलाओं को केवल अपने घर के काम काज तक ही सीमित नही रहना चाहिये बल्कि उन्हे समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा की पुरुषों को भी चाहिए की वो महिलाओ को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी हेमंत यादव कचीर ने किया ।इस मौके पर सुभाष द्विवेदी प्रदेश महामंत्री, देवेंद्र सिंह यादव जिलाध्यक्ष जालौन, धर्मेंद्र सिंह राजावत जिला महासचिव जालौन, मोहित कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष जालौन, अरुण कुमार जिला महामंत्री जालौन, पुष्पेंद्र यादव, रामकुमार सेन, जसवंत चौधरी ऊषा देवी, ग्याप्रसाद , राजेश ब्लाक अध्यक्ष, बिरिशभान, लालू ब्लाक अध्यक्ष मोठ, सूरज पाल, भल्लू खान, लालसिंह. सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

सेमरौता में कांवड़ियों का विहंगम दृश्य दिखा

भारी संख्या में पुलिसबल तैनात

अमन लेखनी समाचार

तिलोई, अमेठी। गंगाघाट डलमऊ से जल भरकर हजारों कांवरियों का काफिला सेमरौता पहुंचा ।भक्तिमय गीतों पर कांवरियां थिरकते नजर आ रहे हैं ।कांवरियों की सुरक्षा में भारी संख्या में पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ डटा हुआ है ।थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल व सेमरौता चौकी इंचार्ज शत्रोहन लाल वर्मा मय दलबल के साथ डटे रहे।

डलमऊ गंगाघाट से जल भरकर अनंत चतुर्दशी को हैदरगढ़ के औसानेश्वर धाम पर जलाभिषेक के लिए चले भक्तों का जत्था मंगलवार शाम कस्बा सेमरौता पहुंचा जहां भोले के भक्तों का कस्बा वासियों ने जोरदार स्वागत किया ।सदगुरु कृपा फ्यूल्स स्टेशन पर हिमांशु बाजपेई की अगुवाई में पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेई, संतोष मिश्र, कल्लू यादव ने कावंरियों को जलपान कराकर जोरदार स्वागत किया ।वहीं हनुमानगंज चौराहे पर दुर्गा इंटरप्राइजेज के पास सुशील सिंह ,हेमेंद्र प्रताप सिंह लल्लू बाबू व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बंटी सिंह की अगुवाई में कावरियों का जोरदार स्वागत किया गया तथा भंडारे का आयोजन किया ।कस्बा सेमरौता के रामगंज चौराहे पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिनेश जायसवाल और संतोष जायसवाल के नेतृत्व में तिलोई प्रेस क्लब अध्यक्ष जितेंद्र मिश्र, प्रमोद वर्मा ने भोलेनाथ के भक्तों का अभूतपूर्व स्वागत किया और दो घंटे से अधिक समय तक क्षेत्र बोल बम के उद्घोष गुंजायमान रहा ।थानाध्यक्ष शिवरतनगंज तनुज कुमार पाल और सेमरौता चौकी इंचार्ज शत्रोहन लाल वर्मा दलबल के साथ पूरी तरह से मुस्तैद रहे ।थानाध्यक्ष के साथ इस मौके पर डब्बू शुक्ला, अरुण मिश्र, रत्नाकर पांडेय, राजेश पांडेय, परमानन्द मिश्र, जहीर अहमद कुरेशी, सत्यांश वर्मा, शिवम तिवारी, संदीप यादव ,कौशलेंद्र सिंह, अनिल पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

नागर में निकाली गई भव्य अमृत कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी।ग्राम पंचायत नागर ब्लॉक बामौर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम भव्य तरीके से बनाया गया और अमृत कलश यात्रा निकाली गई । ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी ने अमृत कलश लेकर विद्यालय रामगढ़ से पंचायत भवन होते हुए सम्पूर्ण गांव में भ्रमण किया ।गांव के प्रत्येक घर से मिट्टी एकत्रित कर अमृत कलश में डाली गई ।ग्राम वासियों ने कलश का तिलक लगाकर स्वागत किया और अपने अपने घरों की मिट्टी डाली। इस मौके पर ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी, प्रधान अध्यापक अवधेश बघेल, सुधीर मोदी, अनुपम शुक्ला, अजय परिहार, शिक्षामित्र धन प्रसाद ,पंचायत सहायक सुंदर, आंगनबाड़ी सहायिका सावित्री देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

धूमधाम से निकाली गयी श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

गुरसराय, झाँसी। नगर व ग्रामीण अंचलो में श्री गणेश जी की प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्रा निकालकर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने खूब अबीर-गुलाल उड़ाया। इसके बाद बड़वार स्थित भस्नेह डैम में विधि-विधान से गणपति जी का विसर्जन किया गया ।पूरे दिन गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे ।नगर के बाजार मुहल्ले मे श्रीगणेश जी की पूजा अर्चना करके मुख्य यजमान अमरजीत सनी नायक ने आरती की ।श्रीगणेश जी की प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा निकालकर बड़वार स्थित भस्नेह डैम में विधि-विधान से मंत्रोचार व ढोल नगाड़ों के साथ विसर्जन किया गया ।इस मौके पर श्रद्धालुओं ने खूब गुलाल उड़ाया ।गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तु जल्दी आ के जयकारों के बीच आस्था श्रद्धा एवं विश्वास का जनसैलाब उमड़ पड़ा ।शोभायात्रा में बैंड, डीजे शामिल रहे ।शोभायात्रा के साथ ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा निकालकर गणपति जी की प्रतिमा को बड़वार स्थित भस्नेह डैम में जहां पर आचार्य अभिनव शास्त्री के द्वारा भगवान श्री गणेश का विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए विसर्जन किया गया ।इस दौरान आस्था श्रद्धा विश्वास का अनूठा संगम नजर आया ।इस दौरान भारी पुलिस बल भी सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रहा ।विसर्जन यात्रा में जिलाध्यक्ष गोविन्द अड़जरिया, अभिनव कृष्ण शास्त्री, सनी नायक, रोहित पाठक, अक्की सेठ, साहिल अगृवाल, बेटू अगृवाल, मुकुल अगृवाल, छोटू सोनी, काजू अगृवाल, राहुल यादव, राजा गुप्ता, दीपू नन्ना, अमन सोनी, बटरी नन्ना, बासू अगृवाल, नीशू अगृवाल, छोटू अड़जरिया, मोन्टी पटसारिया, प्रदीप गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

कांग्रेस संगठन सृजन की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

अमेठी । जिला स्तरीय, व ब्लॉक स्तरीय के बाद आज जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस महामंत्री विवेकानंद पाठक व प्रदेश सचिव फरहान वारसी संगठन प्रभारी अमेठी की अध्यक्षता में बैठक हुई 11 सितम्बर से शुरू संगठन सृजन के तीसरे चरण में न्याय पंचायत स्तर पर मजबूत संगठन सृजन के लिए पदाधिकारियों एवं प्रभारी गणों की देखरेख में 10 अक्टूबर तक तैयार करने की समय सीमा तय की गयी अमेठी के सम्पूर्ण संसदीय क्षेत्र में 17 दिवसीय मशाल जुलूस की रुप रेखा तय की गयी। मशाल जुलूस का शुभारम्भ 27 सितम्बर दिन बुधवार को अमेठी जिला मुख्यालय गौरीगंज से होगी बैठक में परमानंद मिश्र, शत्रुहन सिंह, महामंत्री /मीडिया प्रभारी अनिल, मतीन, वीरेंद्र मिश्र, सुनील सिंह, देवेंद्र सिंह, राकेश मिश्र, धर्मराज बहेलिया, राजू पंडित, सर्वेश सिंह, कमलेश अग्निहोत्री, अजहरुल हक, सहित सभी 17 ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. – 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews @gmail.com

केवल गर्मी में ही नहीं, उमस भरे मौसम और सर्दियों में भी धूप में रहने पर सन टैनिंग हो सकती है। खासतौर पर सेंसिटिव स्किन वाली महिलाओं को इस प्रॉब्लम को ज्यादा फेस करना पड़ता है। सन टैनिंग से बचने और स्किन प्रोटेक्शन के लिए यहां बताए जा रहे सजेशंस को आप फॉलो कर सकती हैं।

अपनाएं ये उपाय रिमूव होगी सन टैनिंग

स्किन केयर / सरिता गुप्ता

गर्मी हो या सर्दी, कुछ देर धूप में रहने से इसका असर स्किन पर दिखने लगता है। गर्मियों में तो पसीना, एक्सट्रा ऑयल जैसी समस्याओं की वजह से स्किन पर ज्यादा टैनिंग होने लगती है, तो वहीं सर्दियों में भी ज्यादा देर धूप में बैठे रहने से स्किन टैन होने लगती है। दरअसल, सूरज की तेज किरणें स्किन को अंदर और बाहर से अफेक्ट डालती हैं, जिससे स्किन अपनी चमक खो देती है और सांवली लगने लगती है। ऐसे में स्किन को अधिक देखभाल की जरूरत पड़ती है। सन टैनिंग से बचने के लिए हम आपको बता रहे हैं, कुछ प्रभावी टिप्स के बारे में।

स्क्रबिंग है इफेक्टिव

स्क्रबिंग करने से डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने में हेल्प मिलती है। इसलिए वीक में कम से कम एक बार माइल्ड स्क्रब करना चाहिए। लेकिन ध्यान रहे धूप में जाने से स्किन काफी सेंसिटिव हो जाती है। इसलिए डेली स्क्रबिंग नहीं करनी चाहिए, इससे स्किन को नुकसान हो सकता है।

अप्लाई करें सनस्क्रीन

धूप में अधिक टाइम गुजारने से स्किन पर टैनिंग होने लगती है। इससे बचने के लिए दिन के समय जब भी आप घर से बाहर निकलें तो 50 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन लगा सकती हैं। यह स्किन को हार्मफुल यूवी किरणों से बचाता है और इससे स्किन डार्क नहीं होती है।

विटामिन सी रिच प्रोडक्ट्स

स्किन को टैनिंग से बचाने के लिए विटामिन सी युक्त ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना भी यूजफुल है। फेस क्रीम, स्क्रब, फेस वॉश में विटामिन सी होने से स्किन को नेचुरल ग्लो मिलता है। इसके अलावा अगर आप विटामिन सी युक्त फेस सीरम को रात को सोने से पहले अप्लाई करती हैं तो कुछ ही दिनों में आपका फेस काफी क्लीन नजर आने लगेगा।

क्लीनिंग करें ऐसे

स्किन डार्कनेस दूर करने के लिए उसे क्लीन रखें। धूप में जाने से बहुत ज्यादा पसीना आता है, जिससे फेस पर टैनिंग के अलावा पिंपल और वाइट हेड्स भी हो सकते हैं। इसलिए अपने फेस को सुबह-शाम क्लीन जरूर करती रहें। जिन महिलाओं की स्किन ऑयली है, उन्हें दिन में कम से कम तीन बार फेस को क्लीन करना चाहिए।

करती रहें मायश्चराइज

कई महिलाएं चिपचिपाहट के कारण फेस पर मायश्चराइजर नहीं लगाती हैं। लेकिन ऐसा करना बिल्कुल गलत है। आप जब भी चेहरा धोएं तो उसके बाद मायश्चराइजर जरूर लगाएं। उसके बाद सनस्क्रीन लगाएं। अगर आप रोज ऐसा करती हैं तो आपकी स्किन पर टैनिंग नहीं होगी। आप चाहें तो एलोवेरा जेल भी अप्लाई कर सकती हैं।

डे टाइम मेकअप

अगर आपको दिन के समय कहीं पार्टी में या किसी स्पेशल ऑकेजन में घर से बाहर जाना है, तो आपको हैवी मेकअप करने से बचना चाहिए, क्योंकि डार्क मेकअप धूप में स्किन पर ज्यादा देर नहीं टिकता है और स्किन में समा जाता है। इससे आपके फेस पर रिएक्शन हो सकता है, जो टैनिंग का कारण बन सकता है। इसलिए डे टाइम में हमेशा लाइट मेकअप ही करें।

इस तरह आप अपनी स्किन को सन टैनिंग से बचा सकती हैं।

(मेकअप आर्टिस्ट नेहा चावला से बातचीत पर आधारित)

फिटनेस / दीपक कुमार झा, योगाचार्य

डेली करें ये योगासन वर्किंग वूमेन रहेंगी फिट

वर्किंग वूमेन के पास टाइम की बहुत कमी रहती है। इसलिए वे अकसर अपनी हेल्थ-फिटनेस पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। लेकिन आप चाहें तो डेली कुछ मिनट योगासन करके भी खुद को हेल्दी-फिट रख सकती हैं।


त्रिकोणासन

घर की जिम्मेदारी हो या ऑफिस वर्क, महिलाएं अपनी हर भूमिका बखूबी निभाती हैं। लेकिन इन सबमें बिजी रहने की वजह से वे अकसर अपनी सेहत का ध्यान नहीं रख पाती हैं। जो महिलाएं जॉब करती हैं, उनका अधिकतर समय वर्क स्टेशन पर बैठ कर ही गुजरता है। लंबी सिटिंग से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। दरअसल, दिन भर एक ही जगह बैठे रहने से पीठ, कमर, गर्दन में दर्द, मोटापा, डायबिटीज और दिल से संबंधित बीमारियों का रिस्क बढ़ता है। इनसे बचने, खुद को फिट, हेल्दी और एक्टिव रखने के लिए योगासन करना हेल्पफुल होता है। अपनी सुविधानुसार आप रोज सुबह या शाम कम से कम 30 मिनट यहां बताए जा रहे योगासन जरूर करें।

ताड़ासन

सबसे पहले खड़ी हो जाएं, फिर अपनी दोनों एड़ियों को मिलाएं। अब दोनों हाथों को ऊपर उठाकर खींचें और सामने देखें। वैसे तो यह आसन बहुत ही सरल है, लेकिन इसके कई फायदे हैं। जैसे-ताड़ासन से शरीर की मांसपेशियों में खिंचाव होता है और बॉडी पोस्चर सुधारने में मदद मिलती है। इसे लगातार करने से डाइजेस्टिव सिस्टम स्ट्रॉन्ग होता है और ब्लड सर्कुलेशन को ठीक रखने में मदद मिलती है।

वृक्षासन

इसे करने के लिए पहले सीधे खड़ी हो जाएं। अब अपनी एक एड़ी को दूसरे घुटने पर रखें। फिर अपने दोनों हाथ सीधा ऊपर उठाएं और दोनों हाथों को जोड़कर खड़ी रहें। वृक्षासन करने से शरीर का संतुलन बना रहता है और स्ट्रेस भी कम होता है। इसके अलावा यह शरीर को सीधा आकार देता है और फुर्तीला बनाता है।

त्रिकोणासन

त्रिकोणासन करने के लिए पहले सीधी खड़ी हो जाएं। अब दोनों पैरों को खोलें और एड़ियों को एक-दूसरे से कुछ दूर रखें। फिर एक एड़ी को सीधा रखें और दूसरी एड़ी को दूसरी तरफ फैलाएं। अब एक हाथ ऊपर की तरफ सीधा उठाकर उसे देखें। अब शरीर को उसी तरफ झुका लें और दूसरा हाथ अपने सीधे पैर पर रखें। त्रिकोणासन करने से कमर दर्द, पीठ दर्द कम होता है और शरीर में लचीलापन बढ़ता है। साथ ही डाइजेस्टिव सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग होता है।

भुजंगासन

इसे कोबरा पोज भी कहते हैं। इसे करने के लिए जमीन पर मैट बिछाकर पेट के बल लेट जाएं, फिर अपनी हथेलियों को जमीन पर लगाएं। अब कमर से ऊपर के हिस्से को ऊपर की तरफ उठाएं। छत की तरफ देखने का प्रयास करें। कुछ देर इस पोजीशन में रहें फिर पूर्वावस्था में आ जाएं। यह आसन बहुत ही लाभप्रद है। इससे रीढ़ की हड्डी और कमर लचीली होती है, साथ ही कमर दर्द में राहत मिलती है और पीठ की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

प्रस्तुति : शालिनी सिंह

इन बातों का ध्यान रखें

- योगासन करते समय इस बात का ध्यान रखें कि आप उसे सही तरीके से करें। यदि आपको कोई आसन करने में परेशानी हो रही है तो उसे तुरंत करना छोड़ दें।
- बेहतर होगा कि किसी भी आसन का अभ्यास करने से पहले उसे अनुभवी प्रशिक्षक से सीख लें।
- खाना खाने के तुरंत बाद योगासन न करें।

बागवानी / अनु आर.

इस मौसम में लगाएं फूलों वाले पौधे

गार्डनिंग स्पेशलिस्ट्स का मानना है कि फूलों वाले पौधे लगाने के लिए सितंबर का महीना परफेक्ट होता है। इस दौरान अगर आप ऐसे पौधे लगाएं तो आने वाली सर्दियों में आपकी बगिया सुंदर फूलों से खिल-महक उठेगी।

सितंबर के महीने में बारिश धीरे-धीरे थम जाती है और कुछ ही दूरी पर गुलाबी जाड़ा आने की तैयारी कर रहा होता है। ऐसा मौसम फ्लावर गार्डनिंग करने वालों के लिए परफेक्ट माना जाता है। इस दौरान आप अपनी बगिया में कई तरह के रंग-बिरंगे फूलों वाले पौधे लगा सकती हैं, जो अगले 40 से 50 दिनों में बढ़कर सर्दियों के दौरान आपकी बगिया को रंग-बिरंगे फूलों से महका देंगे। हम यहां आपको कुछ खूबसूरत फूलों वाले पौधों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप अपने गार्डन में लगा सकती हैं।

डहेलिया : सर्दियों में खिलने वाला यह भी बेहद खूबसूरत फूल होता है। इसके लिए आपको इसी महीने में या तो इसके बीज लगा लेने चाहिए या पहले से उगे हुए चार-पांच दिन के अंकुर को लगा लेना चाहिए। यह भी 45 से 50 दिन में खिलने लगता है और इसमें भी कई रंगों के फूल आते हैं। अगर डहेलिया के पौधे को बीज के जरिए उगाना है तो इसे 12x12 इंच के ग्रो बैग या गमले में उगाना चाहिए। अगर कहीं दूसरी जगह उगे पौधे को अपने गमले में ट्रांसप्लांट करना हो तो कम से कम चार इंच गहरा गमला होना चाहिए।

गेंदा : भारतीय घरों में सबसे परिचित फूलों के पौधे में शामिल है गेंदा। इसे बीज से उगाया जा सकता है और पौधे से भी लगाया जा सकता है। नया पौधा लगाने के लिए सितंबर का महीना सबसे उपयुक्त होता है। गेंदे को उगाने के लिए मिट्टी में दो अंगुल नीचे बीज बोना चाहिए। अगर पौधा लगाएं तो 20 से 25 दिनों के पौधे को लगाना चाहिए। गेंदे में पीला, गुलाबी और नारंगी फूल खिलते हैं। गेंदे का फूल किचन गार्डन को रंगत तो देता ही है, घर को प्रदूषण मुक्त भी करता है।



जीनिया : सर्दियों में खिलने वाला बेहद खूबसूरत फूल है जीनिया। बीज लगाने के 45 से 50 दिन के बाद ही यह खूबसूरत फूल देने लगता है। इसके फूल गुलाबी, नारंगी, सफेद, लाल और बैंगनी रंग के होते हैं। जीनिया के पौधे को 9x9 इंच के गमले या 12x12 इंच के ग्रो बैग में लगाना चाहिए।

हिबिस्कस : इसे गुड़हल के नाम से भी जानते हैं। गुड़हल का पौधा भी इन दिनों आसानी से उगाया जा सकता है। अगर बीज से गुड़हल को मिट्टी में उगाना हो तो कम से कम आधा इंच गहरे मिट्टी में इसे दबाना चाहिए। अगर ठीक से देखभाल हो जाए तो गुड़हल के पौधे में डेढ़ महीने के बाद ही फूल आने लगते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि गुड़हल का फूल कई दिनों तक नहीं मुरझाता है।

सही डाइट-बैलेंस्ड लाइफस्टाइल कंट्रोल हो सकता है पीसीओएस

मेडिकल एडवाइस
डॉ. रीना मालपानी, गायनेकोलॉजिस्ट

इस समय दुनिया की लाखों महिलाएं पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम यानी पीसीओएस से ग्रस्त हैं, जिससे उन्हें कई प्रॉब्लम्स को फेस करना पड़ता है। लेकिन अगर आप डॉक्टर की सलाह पर न्यूट्रिशस डाइट और बैलेंस्ड लाइफस्टाइल फॉलो करें तो इससे निजात पा सकती हैं।

पीसीओएस हार्मोनल डिसबैलेंस से उपजी एक बीमारी है, जो विश्व की लगभग 20 फीसदी महिलाओं में पाई जाती है। इससे इनफर्टिलिटी, हार्ट डिजीज, वेट गेन, एक्ने, मूड स्विंग, चेहरे या शरीर में बाल उगने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसा इंसुलिन रेजिस्टेंस और मेल हार्मोन एंड्रोजन की अधिकता से होता है। हालांकि इसके सटीक कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन इसका इलाज सौ फीसदी संभव है।

डिजीज के साइड इफेक्ट्स

यह बीमारी महिलाओं में इंफर्टिलिटी का सबसे बड़ा कारण बन गई है। इस डिजीज से सबसे ज्यादा परेशानी उन महिलाओं को होती है, जो प्रेगनेंसी प्लान कर रही हैं या प्रेग्नेंट हैं। ऐसी स्थिति में प्रेगनेंसी और डिलीवरी में प्रॉब्लम बढ़ सकती है। पीसीओएस के कारण प्रीमैच्योर डिलीवरी, जेस्टेशनल डायबिटीज, प्रीक्लैंप्सिया आदि समस्याएं भी हो सकती हैं। इसके कारण इंसुलिन रेजिस्टेंस भी कमजोर हो सकता है और वेट बढ़ सकता है।

हो सकता है कंट्रोल

अगर कुछ सावधानियां बरती जाएं और डॉक्टर द्वारा बताया गया ट्रीटमेंट करवाया जाए तो पीसीओएस के बावजूद प्रेगनेंसी और डिलीवरी आसानी से हो सकती है। इन सावधानियों और ट्रीटमेंट से ओव्यूलेशन बढ़ता है और मेंस्ट्रूअल साइकिल भी सही रहता है।

फॉलो करें सही डाइट

इंसुलिन लेवल कंट्रोल करने के लिए कार्बोहाइड्रेट इनटेक बंद करने की बजाय इनका सही ढंग से सेवन करना जरूरी है। हर बार भोजन के साथ 10 ग्राम फाइबर का सेवन जरूर करें। फाइबर्स वाले फ्रूट्स और अन्य फूड आइटम्स जैसे आलू बुखारा, एवोकाडो, केला, ब्रोकली, नट्स, गाजर, साबुत अनाज, दाल, बादाम, चीया सीड्स और फ्लेक्स सीड्स का सेवन यूजफुल है। मल्टीग्रेन रोटी खाएं, रंग-बिरंगी सब्जियां यानी विभिन्न वैरायटी की सब्जियां भोजन में शामिल करें। अधिक कैलोरी वाले फूड्स से बचें।

वेट रखें कंट्रोल

कई स्टडीज के अनुसार वेट कंट्रोल रखकर इस समस्या की गंभीरता और इसके लक्षणों पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। इसलिए वेट कंट्रोल पर विशेष ध्यान देना चाहिए और यथासंभव ऑयली फूड्स से दूर रहना चाहिए। फिजिकल एक्टिविटीज बनाए रखें और योग, मेडिटेशन, एक्सरसाइज रेग्युलर करनी चाहिए।

प्रस्तुति : अंजू जैन

ये सप्लीमेंट्स हैं हेल्पफुल

पीसीओएस को कंट्रोल करने में कुछ सप्लीमेंट्स काफी मददगार साबित होते हैं।

आइनोसिटॉल : फलों, बींस, अनाजों और नट्स में पाया जाने वाला विटामिन जैसा तत्व है। यह ओवरी को दुरुस्त रखता है। फोलिक एसिड के साथ इसका सेवन फर्टिलिटी बढ़ाता है और इंसुलिन लेवल कम करता है।

ओमेगा-3: ओमेगा 3 सप्लीमेंट बीपी और ट्राइग्लिसराइड लेवल को कम करने में मददगार होता है। यह इम्यून फंक्शन को इंप्रूव करने के साथ डिप्रेशन कम करता है।

जिंक: पीसीओएस से पीड़ित महिलाओं में अकसर जिंक की कमी हो जाती है। ऐसे में स्किन की सेहत दुरुस्त रखने और बालों की ग्रोथ के लिए जिंक रिच फूड्स का सेवन करें।

विटामिन डी : ओवेरियन फॉलिकल डेवलपमेंट, प्रोजेस्टरॉन के उत्पादन, फर्टिलिटी और हेल्दी मेंस्ट्रूअल साइकिल के लिए विटामिन डी का रोल काफी महत्वपूर्ण होता है।

मैग्नीशियम-क्रोमियम : इनके सेवन से ब्लड शुगर लेवल मेंटेन होता है और इंसुलिन सेंसिटिविटी इंप्रूव होती है।

एल कार्निटीन : शोध के मुताबिक रोजाना ढाई सौ मिलीग्राम एल कार्निटीन सप्लीमेंट का सेवन इस समस्या से पीड़ित महिलाओं में हार्मोन और मेटाबॉलिक संतुलन दुरुस्त करता है। यह दूध, अंडे, मांस और मछली से मिलता है।

लघुकथा / एस. भाग्यम शर्मा

परोपकारी!

नलिनी-दिनेश की अभी नई-नई शादी हुई थी। शादी होते ही दोनों पति-पत्नी सभी सुविधाओं से पूर्ण एक आलीशान फ्लैट में शिफ्ट हो गए। नलिनी इस फ्लैट में आकर बहुत खुश थी। नलिनी का पति दिनेश हर हफ्ते शनिवार, रविवार को कभी सिनेमा, कभी शॉपिंग तो कभी कहीं घूमाने जरूर ले जाता। लेकिन दिनेश इधर कुछ दिनों से नलिनी को कहीं घुमाने नहीं ले जा रहा था। जब भी नलिनी उससे कहीं जाने के लिए कहती, तो वह 'बिजी हूं' कहकर बात टाल देता।

नलिनी इस बात से थोड़ी परेशान हो रही थी, तो उसने अपने पिता को फोन करके शिकायत की, 'पापा अब दिनेश मुझे कहीं घुमाने नहीं ले जाते। छुट्टी के दिन कहीं चले जाते हैं, पर कहां जाते हैं यह नहीं बताते। एकाएक दिनेश बहुत बदल गए हैं। कारण समझ में नहीं आ रहा है।'

यह सब सुनकर नलिनी के पिता भी परेशान हो गए। इस बात का पता लगाने के लिए उन्होंने एक डिटेक्टिव को दिनेश के पीछे लगा दिया। दस दिन के बाद जो बात दिनेश के बारे में पता चली, उसे सुनकर नलिनी के पिता स्तंभित रह गए। उनका सिर शर्म से झुक गया। उन्होंने तुरंत फोन पर अपने दामाद से बात की, 'मुझे माफ कर दीजिए दामाद जी। मुझे मालूम नहीं था कि जिन बुजुर्गों की देख-भाल के लिए कोई नहीं है, उनके लिए आपने एक संस्था खोली है। छुट्टी के दिन वहां जाकर उनकी सेवा करते हैं।' नलिनी के पिता बहुत भावुक हो गए। वह आगे बोले, 'हमें अपने मां-बाप को छोड़कर अकेले नहीं रहना चाहिए, उन्हें अपने साथ रखना चाहिए। जिन मां-बाप का कोई सहारा नहीं है, उनकी सेवा आप कर रहे हैं। इस अच्छे काम में हमारा पूरा परिवार आपके साथ है।' नलिनी के पिता को अपने दामाद पर गर्व महसूस हो रहा था।

जिले में सपा मुखिया का सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

मुसाफिरखाना अमेठी। अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सुल्तानपुर जिले की इसौली विधान सभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे दिवंगत अबरार अहमद के घर शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव का जिले की सीमा में जगह जगह सपाइयों ने जोरदार स्वागत किया।जगदीशपुर क्षेत्र में पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव पूर्व विधान सभा प्रत्याशी विमलेश सरोज सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव जयसिंह प्रताप यादव जग प्रसाद यादव घनश्याम सिंह मोहम्मद आरिफ सहित अन्य कार्यकताओं ने सुल्तानपुर से वापस लौटते समय भव्य स्वागत किया।सोमवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लखनऊ से सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर इसौली विधान सभा क्षेत्र के अझुई गांव पहुंचे जहां उन्होंने विगत दिनों दिवंगत हुए इसौली से दो बार विधायक रहे चुके अबरार अहमद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।